
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-165 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) बुधवार 27 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# लखनऊ नगर निगम की तीन साल की उपलब्धियों का जश्न

## मुख्यमंत्री ने की नई परियोजनाओं की घोषणा






( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** लखनऊ की भाजपा मेयर सुषमा खर्कवाल के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी भाग लिया।

उन्होंने लखनऊ नगर निगम के तहत 413 करोड़ रुपये की लागत वाली 342 जनकल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'मुझे खुशी है कि आज हम नगर निगम लखनऊ की 413 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

लखनऊ नगर निगम ने स्वच्छता रैंकिंग में देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'हमारा लक्ष्य इसे पहले स्थान पर लाना है, लेकिन यह केवल महापौर, पार्षदों या सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की भी जिम्मेदारी है।' उन्होंने आगे कहा कि, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है कि देश में चार जातियां हैं- गरीब, किसान, महिला और युवा। इन चारों को ध्यान में रखते हुए हमने अपने जन कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, 'ऊर्जा संकट के इस दौर में हमें सावधान रहना चाहिए और अफवाहों से बचना चाहिए। हमें केवल उतनी बिजली का उपयोग करना चाहिए, जितनी आवश्यकता हो। यह हमारा नागरिक दायित्व है।

सरकार हर समस्या का समाधान निकालेगी।' उन्होंने आयुष्मान भारत योजना को गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बताया और इस योजना के तहत दावों के निस्तारण को समय पर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस योजना में आयुष पद्धतियों को शामिल करने के लिए भी निर्देश दिए।

# रामचरितमानस पर क्यों बदल गए समाजवादी पार्टी के सुर समझिए अखिलेश यादव की सियासी मजबूरी

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव से पहले रामचरित मानस के कुछ दोहों को महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति अपमानजनक और अनादरपूर्ण बताने वाली समाजवादी पार्टी के सुर अब बदल गए हैं।अब सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव रामचरितमानस को 'सांस्कृतिक संविधान का एक रूप' बता रहे हैं। अखिलेश यादव ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में रामचरितमानस को 'सांस्कृतिक संविधान का एक रूप' बताया है। इस पोस्ट में उन्होंने लखनऊ में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान पुलिस की कार्रवाई पर टिप्पणी की थी। इस कार्रवाई में एक वकील के साथ मारपीट की गई थी। जब यह कार्रवाई की गई थी तब वकील के हाथ में रामचरितमानस की प्रति थी।

इस घटना के अगले दिन समाजवादी पार्टी की पदाधिकारी पूजा शुक्ला लखनऊ के उस अस्पताल में पहुंचीं जहां घायल वकील भर्ती थे। उन्होंने वकील से मुलाकात की और उन्हें रामचरितमानस की एक प्रति भेंट की। अखिलेश यादव ने वकील की एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें उन्हें रामचरितमानस भेंट की जा रही है। अखिलेश ने पोस्ट में रामचरितमानस को 'सांस्कृतिक संविधान का एक रूप, जो कि एक नैतिक आचार संहिता है' बताया। दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी ने समाजवादी पार्टी पर जोरदार हमला बोला था। इसकी वजह यह थी कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरितमानस के कुछ दोहों पर सवाल उठाए



थे। मौर्य ने मांग की थी कि बीजेपी सरकार इस महाकाव्य से कुछ छंदों को हटा दे क्योंकि वे महिलाओं, दलितों और पिछड़ों के प्रति अपमानजनक और अनादरपूर्ण हैं। उस समय अखिलेश यादव ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी। बताया जाता है कि उन्होंने इस विवाद को जन्म देने के लिए मौर्य के प्रति नाराजगी भी जाहिर की थी। तब बीजेपी ने अखिलेश यादव पर उंगली उठाने की कोशिश की थी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तो सपा प्रमुख पर मुसलमानों को खुश करने के लिए यह विवाद खुद ही पैदा करने का आरोप लगाया था। दूसरी तरफ स्वामी प्रसाद मौर्य इस बात से नाराज थे कि सपा नेतृत्व ने इस विवाद के दौरान उनका साथ नहीं दिया। आखिरकार उन्होंने सपा से इस्तीफा दे दिया था। अब जब यूपी के विधानसभा चुनाव में करीब सात-आठ माह ही बाकी हैं तब समाजवादी पार्टी एक बार फिर अपने राजनीतिक विरोधियों के निशाने पर है। अब सपा रामचरितमानस मानस को लेकर अपने बदले हुए रुख को लेकर निशाने पर है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अखिलेश यादव रामचरितमानस को लेकर सपा नेता की टिप्पणी के बाद आम लोगों में बनी पार्टी के प्रति धारणा को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश बीजेपी के प्रवक्ता हीरो बाजपेयी के अनुसार अखिलेश यादव बार-बार चुनावी हार झेलने के बाद राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए धार्मिक प्रतीकों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं। बाजपेयी ने कहा कि विपक्ष अब रामचरितमानस की शरण लेने पर मजबूर हो गया है। उन्होंने कहा कि ये वही लोग हैं जिन्होंने कभी भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था और उन पर सवाल उठाए थे। बाजपेयी ने कहा कि, राम मंदिर समर्थकों पर गोली चलाने के मामले से जुड़े लोग आज रामचरितमानस का पाठ कर रहे हैं, सामूहिक भोज आयोजित कर रहे हैं और समाज को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे हिंदू विरोधी नहीं हैं। बाजपेयी ने कहा कि, यूपी की जनता इन राजनीतिक घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीजेपी 2027 के विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत हासिल करेगी। बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने इसे धर्म की राजनीति कहा। इंडिया गठबंधन में सपा की सहयोगी कांग्रेस ने रामचरितमानस पर अखिलेश के रुख का समर्थन किया है। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि, रामचरितमानस भारतीय समाज और सनातन दर्शन का प्रतिबिंब है। हमारी जीवन शैली इसी में निहित है। अजय राय ने कहा कि अखिलेश का बयान हर उस व्यक्ति के दिल की बात कहता है जो इस महाकाव्य के बारे में विस्तार से जानता है। धार्मिक मुद्दों को राजनीतिक नजरिए से देखना समझदारी नहीं है।

# मायावती के लिए 2027 यूपी चुनाव में गठबंधन है जरूरी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) प्रमुख ने मायावती ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. अगले साल की शुरुआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले बीएसपी सुप्रीमो ने 24 मई को अपनी पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ गहन समीक्षा बैठक की, जिसके बाद से लखनऊ से लेकर दिल्ली तक में चर्चाओं का बाजार गरम हो चला है.




इस बैठक के बाद मायावती ने कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कीं, बल्कि उन्होंने सोशल मीडिया पेज एक्स से दो पेज की प्रेस विज्ञप्ति जारी करके छोड़ दीं. मायावती के प्रेस के सामने नहीं आने के बाद लोगों के मन में कई और सवाल उठने लगे हैं. उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से बिलकुल खामोश हो गई हैं. 2007 से 2012 तक पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने के बाद ना केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में बीएसपी का जनाधार लगातार गिर रहा है. पार्टी के लगातार खराब प्रदर्शन के बाद भी मायावती किसी भी चुनाव में खास सक्रिय नहीं दिखती हैं. अब 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले मायावती के ऐक्टिव होने से अनुमानों का बाजार गरमाने लगा है. मायावती की ओर से जारी दो पन्ने के प्रेस नोट में दो तीन बातें गौर करने लायक है, जिसको लेकर चर्चाएं शुरू होना लाजिमी है. बीएसपी की गहन समीक्षा बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में कहीं भी खुलकर नहीं कहा गया है कि पार्टी आगामी यूपी चुनाव में अकेले दम पर लड़ेगी. आमतौर पर देखा गया है कि बीएसपी प्रमुख मायावती हमेशा इस बात को लेकर क्लियर रहती हैं कि उन्हें गठबंधन में चुनाव लड़ना है या अकेले. 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों को याद करें तो मायावती ने करीब एक साल पहले ही स्पष्ट रूप से बता दिया था कि उनकी पार्टी अकेले ही राज्य के सभी 403 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी. इस बार ऐसी स्पष्टता नहीं दिखने के चलते चर्चा शुरू हो चुकी है कि क्या बीएसपी किसी पार्टी के साथ गठबंधन में रहकर आगामी यूपी चुनाव लड़ेगी. यह चर्चा इसलिए और भी ज्यादा जोर पकड़ रही है क्योंकि पिछले दिनों जब राहुल गांधी जब अमेठी और रायबरेली में जनसभाएं कर रहे थे उसी दौरान कांग्रेस के दो दलित नेता राजेंद्र पाल गौतम और तनुज पूनिया अचानक लखनऊ के मॉल रोड स्थित मायावती से मिलने उनके घर पहुंचे थे. हालांकि मायावती ने दोनों कांग्रेसी नेताओं को मिलने का वक्त नहीं दिया, जिसके बाद इन्होंने कहा कि वह पार्टी की तरफ से नहीं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर बहनजी का हालचाल जानने पहुंचे थे. दूसरी तरफ फजीहत के बाद कांग्रेस ने इन दोनों नेताओं से लिखित में ऐसा करने की वजह पूछ ली है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि आमतौर पर ऐसी घटनाओं पर मायावती स्पष्टता के साथ मीडिया के सामने आकर कहती रहीं कि फलां पार्टी उनसे रिश्ते जोड़ने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन वह ऐसा नहीं करेंगी. इस बार मायावती के घर पहुंचे दोनों कांग्रेसी नेताओं की घटना पर बीएसपी या मायावती की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है. गहन समीक्षा बैठक के प्रेस नोट में एक बात और करने वाली है कि इसमें किसी भी पार्टी का नाम नहीं लिया गया है. इसमें मायावती की तरफ से या तो सत्तापक्ष या विपक्ष शब्द कहकर संबोधित किया गया है. ऐसे में ये कयास लगाया जाना जरूरी हो जाता है कि जो मायावती मीडिया के सामने साफगोई से किसी भी राजनीति दल का नाम लेकर हमला करती रही हैं, उन्होंने इस बार ऐसा क्यों किया है. मौजूदा समय में मायावती की पार्टी के केवल एक विधायक हैं. बीएसपी लोकसभा, राज्यसभा, यूपी विधान परिषद में शून्य पर है. 2014 के लोकसभा में बीएसपी का खाता नहीं खुला. 2019 में बीएसपी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन किया जिसके चलते उनके 10 सांसद जीते. 2024 में फिर अकेले लड़ी तो एक बार फिर से पार्टी का रिजल्ट शून्य ही रहा. इसी यूपी में विधानसभा चुनावों की बात करें तो 2012 में जब मायावती सत्ता से बाहर गईं तो उनके 80 विधायक जीते थे. 2017 के चुनाव में जब बीजेपी 325 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ यूपी की सत्ता पर काबिज हुई तब बीएसपी के केवल 19 विधायक जीते. 2022 के विधानसभा चुनाव में बीएसपी यूपी में केवल एक विधायकों तक सिमट गई. वोट हासिल करने के मामले में भी बीएसपी का प्रदर्शन लगातार गिरता रहा है. 2014 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी को उत्तर प्रदेश में लगभग 19.6% और देश स्तर पर लगभग 4.2% वोट मिले. 2019 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी को यूपी में लगभग 19.3% वोट मिले. वहीं राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 3.6% वोट मिले. 2024 के लोकसभा चुनाव में बीएसपी का वोट प्रतिशत काफी घटा और यूपी में लगभग 9.3% और पूरे देश में लगभग 2.07% रहा. जहां तक यूपी विधानसभा चुनावों की बात है तो 2017 में 22.23% और 2022 में केवल 12.88% पर सिमट गया. यानी मायावती की पार्टी लगातार रसातल में जाती रही. फिलहाल बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) देश की राष्ट्रीय पार्टी है. लेकिन चुनाव दर चुनाव उसके घटते जनाधार के चलते वह राष्ट्रीय पार्टी बनने रहने के किसी भी नियम को फॉलो नहीं कर पा रही है. राष्ट्रीय पार्टी के लिए कम से कम 4 राज्यों में एक 'राज्य स्तरीय दल' के रूप में मान्यता. अगर किसी पार्टी ने लोकसभा के आम चुनाव में कुल सीटों की कम से कम 2% सीटें (वर्तमान में 543 में से 11 सीटें) जीती हों. ये 11 सीटें किसी एक राज्य से नहीं, बल्कि कम से कम 3 अलग-अलग राज्यों से जीतकर आनी चाहिए. अगर किसी पार्टी को लोकसभा चुनाव या राज्यों के विधानसभा चुनाव में 4 या उससे अधिक राज्यों में कुल वैध मतों का न्यूनतम 6% वोट मिला हो. इसके साथ-साथ पार्टी को किसी भी राज्य या राज्यों से लोकसभा की कम से कम 4 सीटों पर जीत दर्ज करनी जरूरी है. बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का तमगा बरकार रखने के किसी भी नियम शर्त का पालन नहीं कर पा रही है. ऐसे में 2017 का यूपी विधानसभा चुनाव मायावती के लिए करो या मरो वाली स्थिति हो गई है. ऐसे में राजनीति के जानकार मानते हैं कि मायावती अपनी पार्टी का प्रदर्शन सुधारने के लिए पूरी संभावना है कि वह किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन कर सकती हैं. प्रेस नोट में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा का ना होना इस अनुमान को और भी ज्यादा बल देता है. हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा कब और कहां होगी ये तो वक्त ही बताएगा. पिछले चार चुनावों में बीएसपी और मायावती का जिस तरह का रवैया रहा उसे देखकर उनपर कभी बीजेपी की बी टीम तो कभी इंडिया गठबंधन की बी टीम होने के आरोप लगते रहे. 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में जिस तरह से मायावती ने अपने घोषित उम्मीदवार ऐन मौके पर बदले और उसके बाद वहां के जातीय समीकरण के हिसाब से प्रत्याशी दिए उससे यही आरोप लगे कि वह पूरे चुनाव में समाजवादी पार्टी को नुकसान और बीजेपी को फायदा पहुंचाने का काम कर रही हैं. ठीक उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में मायावती ने कई सीटों के जातीय समीकरण को देखते हुए इस तरह से उम्मीदवार उतारे जिससे कुछ जगहों पर बीजेपी को तो ज्यादातर जगहों पर इंडिया गठबंधन को फायदा होता हुआ दिखा.

# जहां प्रदेश में दुग्ध क्रांति करने के इरादे से सीएम योगी हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं वहीं उनके इरादों पर पानी फेर रहे हैं दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक

## वर्षों से दूध डेयरी के प्रबंधक के पद पर जमे पड़े राकेश वर्मा नही कराते किसी प्रकार का विकास

- जालौन के साथ साथ झाँसी और ललितपुर जनपद की सरकारी दूध डेयरियों का चार्ज भी है इन्ही के पास
- तीनों जगह करोडों की सरकारी मशीनरी खा रही है जंग मगर नही हो पा रहा उसका सदुपयोग
- नागरिकों को शुद्व और सस्ता दूध तथा अन्य प्रोडक्ट उपलब्ध कराने के लिए कई दशक पूर्व की गई थी दुग्ध संघो की स्थापना

## मगर प्रधान प्रबंधक की खाऊ कमाऊ और वर्चस्ववादी नीति के चलते ये सरकारी डेयरियां फांक रहीं हैं धूल

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/झांसी:** उत्तर प्रदेश सरकार की तबादला नीति को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े होने लगे हैं। झांसी दुग्ध संघ के प्रधान प्रबंधक राकेश वर्मा पिछले कई वर्षों से अपने गृह जनपद में तैनात रहते हुए झांसी, उरई (जालौन) और ललितपुर तीनों जनपदों का कार्यभार संभाल रहे हैं। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और तबादला नीति के पालन को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार राकेश वर्मा ने दिसंबर वर्ष 2021 में प्रधान प्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया था। इसके बाद से अब तक वह लगातार झांसी मंडल के तीनों जनपदों के दुग्ध संघों का कार्य देख रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक झांसी उनका गृह जनपद है, जबकि प्रदेश सरकार की तबादला नीति में गृह जनपद में लंबे समय तक तैनाती पर स्पष्ट रूप से रोक का प्रावधान बताया गया है। इसके बावजूद चार वर्षों से अधिक समय तक एक ही क्षेत्र में तैनाती कई सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों और विभागीय सूत्रों का कहना है कि एक ही अधिकारी के पास तीन जिलों की जिम्मेदारी होने से कार्यों की निगरानी और संचालन प्रभावित हो रहा है। कई बार कर्मचारियों और किसानों की समस्याएं समय पर नहीं सुनी जातीं। वहीं दूसरी ओर विभाग में अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी और अवसर मिलने की संभावना भी सीमित हो जाती है। दुग्ध संघ से जुड़े लोगों का कहना है कि जालौन का पराग दुग्ध संघ पहले किसानों के लिए आय का प्रमुख माध्यम था। हजारों किसान दूध आपूर्ति से जुड़े थे, लेकिन वर्तमान समय में संघ की गतिविधियां लगभग ठप पड़ी हैं। लोगों का आरोप है कि प्रभावी संचालन और सक्रिय प्रबंधन के अभाव में दुग्ध संघ की स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। प्रदेश सरकार हर वर्ष तबादला नीति जारी करती है, जिसमें पारदर्शिता और प्रशासनिक निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से अधिकारियों के स्थानांतरण के दिशा-निर्देश निर्धारित किए जाते हैं।



नीति में यह भी उल्लेख रहता है कि किसी अधिकारी को लंबे समय तक गृह जनपद या एक ही स्थान पर तैनात न रखा जाए। इसके बावजूद राकेश वर्मा की लगातार तैनाती प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि शासन की नीतियों का पालन सही ढंग से हो तो विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और दुग्ध संघों का संचालन भी बेहतर हो सकेगा। किसानों का कहना है कि दुग्ध संघों के सक्रिय होने से उन्हें दूध का उचित मूल्य और रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। अब देखना यह होगा कि शासन और दुग्ध विकास विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या तबादला नीति के तहत कोई कार्रवाई होगी या फिर वर्तमान व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। फिलहाल यह मामला झांसी मंडल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

***दिसंबर 2021 से तीन जनपदों का कार्यभार संभाल रहे प्रधान प्रबंधक***

***गृह जनपद में लंबी तैनाती को लेकर उठे सवाल***

***झांसी, जालौन और ललितपुर दुग्ध संघों का देख रहे संचालन***

***किसानों और कर्मचारियों ने उठाई पारदर्शिता की मांग***

# गेहूं खरीद में नहीं आने दी जाएगी कोई रुकावट

## जिलाधिकारी की सख्त मॉनिटरिंग, हर क्रय केंद्र पर पर्याप्त वारदाना उपलब्ध, एजेंसियों को समय से उठान के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कैंप कार्यालय से जनपद में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं बिक्री के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनपद में वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में वारदाना (बोरी) उपलब्ध है तथा सभी क्रय केंद्रों पर खरीद कार्य सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मार्केटिंग, पीसीएफ, पीसीयू एवं एफसीआई एजेंसियों के पास पर्याप्त वारदाना उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों से गेहूं का समय से उठान सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी केंद्र पर भंडारण अथवा खरीद प्रक्रिया प्रभावित न होने पाए। उन्होंने कहा कि उठान में लापरवाही किसानों की परेशानी का कारण बन सकती है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक किसान का गेहूं पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से खरीदा जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से क्रय केंद्रों का निरीक्षण करें तथा वारदाना उपलब्धता, गेहूं उठान, इलेक्ट्रॉनिक तौल, किसानों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं की सतत निगरानी करें। जिलाधिकारी ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी क्रय केंद्र पर अव्यवस्था, वारदाना की कमी या उठान में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यालय की भूमि पर किया जा रहा है अवैध खनन, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** ।जिले के कदौरा क्षेत्र स्थित महंत भगवान विशाल इंटर कॉलेज की भूमि पर अवैध खनन का मामला सामने आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विद्यालय प्रशासन ने आरोप लगाया है कि खनन माफियाओं द्वारा स्कूल की जमीन से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू निकालकर बेची गई, जिससे विद्यालय को भारी नुकसान पहुंचा है। मामले में प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

प्रधानाचार्य विकास कुमार के अनुसार, परेहटा मौजा हिन्मनपुर स्थित विद्यालय की भूमि पर भारी मशीनों से अवैध खुदाई की गई। आरोप है कि इस दौरान सैकड़ों ट्रक बालू निकालकर बेची गई। शिकायत के बाद भूमि की पैमाइश भी कराई गई, लेकिन इसके बावजूद दोबारा खनन किए जाने का आरोप लगाया गया है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि जब स्कूल स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर खनन कार्य का विरोध किया, तब भी कर्मचारियों ने कार्य बंद नहीं किया। इतना ही नहीं, शिकायत के बाद कथित रूप से साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से खनन स्थल पर मिट्टी डाले जाने की बात भी सामने आई है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों और शिक्षकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। विद्यालय प्रबंध समिति ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई तथा विद्यालय को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।

## समाजसेवियों ने शरबत वितरण कर गर्मी में बचाव के उपाय बताये

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को बड़ा मंगल के उपलक्ष में धर्म नगरी कालपी में धर्म स्थलों में धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्तों ने शर्बत, लंगर तथा परसाद ग्रहण किया।

टरनंनगंज बाजार में समाजसेवी संस्था घुमंतू हसन्तु क्लब के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष जय कुमार खत्री के द्वारा अपनी दुकान के सामने शरबत एवं पेठा का वितरण बाजार में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि समाजिक तथा रचनात्मक कार्यों में सभी लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने में चाहिए। इस कार्यक्रम में आयोजकों के द्वारा अंगौछा ओढ़ाकर धूप तथा गर्मी से बचाव के लिये जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला,अकाउंटेंट हरी भूषण सिंह चौहान, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष मुन्ना चौधरी, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के तहसील अध्यक्ष पत्रकार सलीम अंसारी, दीपक धवन, राजेश अशोक पुरवार,चंद्रशेखर पुरवार,श्रीकांत पुरवार एवं घुमंतू हसंतु क्लब के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे लोगों ने इस कार्यक्रम की नगरवासियों ने प्रशंसा की। इसी तारतम्य में नगर के कई धर्म स्थानों में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों के द्वारा जमकर परसाद ग्रहण गया।

# जीआरपी ने रेलवे सुरक्षा के लिये गोष्ठी का आयोजन किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** रेलवे की संरक्षा सुरक्षा अभियान के अंतर्गत कालपी - आटा रेल खंड के सटे ग्रामीण इलाकों में जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने घूम-घूम कर भ्रमण कर नागरिकों से मुलाकात कर नागरिकों से रेलवे की सुरक्षा के लिए जागरूक किया प्रदेश के रेलवे के पुलिस महानिदेशक निर्देशों के अनुरूप में ट्रेनों पर हो रही पत्थरबाजी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में रेलवे ट्रैक किनारे स्थित ग्राम आटा में जीआरपी चौकी इंचार्ज संजना सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग/गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में उपस्थित लोगों को पत्थरबाजी की घटनाओं की रोकथाम तथा प्रभावी अंकुश लगाने हेतु जागरूक किया गया ।पत्थर बाजी में रेलवे एक्ट की धारा 152 के अंतर्गत सजा के संबंध में अवगत कराकर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 एवं थाना सीयूजी नंबर 94544458294 पर सूचना दी जाये। सूचना मिलने पर पुलिस तत्परता से कार्यवाही करेगी।इस अवसर पर हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, सिपाही आशीष कुमार सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि जागरूकता अभियान 30 में तक निरंतर चलेगा।

# राम महायज्ञ में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किये जा रहे आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा -उरई।** कोटरा कस्बा के नदी किनारे स्थित नक्की बाबा हनुमान मंदिर पर चल रहे श्री राम महायज्ञ में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं यज्ञ में यज्ञाचार्य मुकेश महाराज द्वारा वेद मत्रों के साथ पांच वेदियो में हवन पूजन कराया जा रहा है वही भागवत आचार्य गुरु प्रसाद महाराज द्वारा भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की कथाओं का वर्णन करते हुए धार्मिक कथा सुनाई जा रही भागवत कथा में भागवत आचार्य ने भगवान श्रीराम के आदर्श की चर्चा करते हुए बताया कि मनुष्य को अपने जीवन में प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए जीवन जीना चाहिए भगवान श्री राम ने प्रात काल उठ के रघुनाथा मात-पिता गुरु नावहिं माथा के आदर्श के साथ जीवन को आगे बढ़ाया लोगों को अपने जीवन में भी भगवान श्री राम के आदर्श का अनुकरण करते हुए माता-पिता की सेवा करना चाहिए मानव के जीवन में माता-पिता ही प्रथम भगवान के स्वरूप माने जाते हैं पर आज कलयुग के प्रभाव के चलते लोग माता-पिता की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे इसी के चलते आज का मानव तमाम प्रकार की परेशानियां उठा रहे हैं यदि मनुष्य अपना कल्याण चाहता है तो भगवान श्रीराम का भजन करते हुए माता-पिता की सेवा करनी होगी। भागवत कथा में , , संदीप व्यास, बारिश स्वामी, शुभांकर स्वामी गुड्डू केवट रामकुमार केवट घनी केवट सुंदरलाल केवट , सम्राट स्वामी रविंद्र स्वामी आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे परीक्षित बालादीन रायकवार, पत्नी पुष्पा देवी है भागवत कथा के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

# कर्ज और घरेलू कलह से परेशान गल्ला व्यापारी सुनील साहू ने जहर खा कर दे दी अपनी जान

### -घरवालों और सुभचिंतको, रिश्तेदारों में भारी शोक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना निवासी गल्ला व्यापारी सुनील साहू (40) ने आर्थिक तंगी और घरेलू तनाव से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, जबकि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सुनील साहू पिछले करीब चार वर्षों से नगर के मोहल्ला पुरवा में किराये के मकान में परिवार सहित रह रहे थे और गल्ला मंडी में अनाज का व्यापार करते थे। सोमवार को वह रिश्तेदारी में जनपद हमीरपुर के कुरारा थाना क्षेत्र स्थित ककरऊ गांव गए थे। वहीं उन्होंने सल्फास का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, मृतक पर लगभग 35 लाख रुपये का कर्ज था। कर्जदाताओं के लगातार दबाव और आर्थिक संकट के चलते घर में अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती थी। बताया जा रहा है कि इसी तनाव के कारण वह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान थे और आखिरकार उन्होंने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रानी देवी, पुत्री रेशु, नैसी तथा पुत्र जिगर को छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# स्थानांतरित एसडीएम की हुई धूमधाम से विदाई

### -सभी लोग अपने दायित्वों का लगन से निर्वाह करें - पूर्व एसडीएम मनोज

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारियों को अपने पद की मर्यादा के अनुरूप जिम्मेदारी से अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। फल स्वरुप हम लोग समृद्ध एवं स्वस्थ रहेंगे। यह उद्गार स्थानांतरित एसडीएम कालपी मनोज कुमार सिंह ने व्यक्त किए।

मंगलवार को तहसील सभागार में लेखपाल संघ कालपी के तत्वाधान में विदाई समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। स्थानांतरित एसडीएम मनोज कुमार सिंह प्रोन्नत होकर उन्नाव के सिटी मजिस्ट्रेट नियुक्त हुए हैं। समारोह में उन्होंने कहा कि लेखपालों राजस्व कर्मचारियों तथा जनता का उन्हें भरपूर समर्थन सहयोग मिला। बाढ़ जैसी विषम परिस्थितियों में भी हम लोग अपने दायित्व में सफल रहे। नवांगतुक उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने बताया कि मैं तथा पूर्व एसडीएम मनोज कुमार सिंह एक ही जनपद बिहार के बेगूसराय के मूल निवासी हैं। उन्होंने बताया कि समय-समय पर मनोज सिंह से तमाम जानकारी हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं को त्वरित निदान एवं विकास योजना को गतिशीलता दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष जयवीर सिंह के द्वारा किया गया। सभागार में क्षेत्राधिकार अवधेश कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, मुकेश कुमार, हरभूषण सिंह, चौहान राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर ने संबोधन किया। लेखपाल जितेंद्र सिंह, अमर सिंह चंदेल, सय्यद टीपू, लेखपाल विभा, राघवेंद्र सचान, धीरज पुरवार, सलीम खान, डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष सलीम अंसारी नगर अध्यक्ष राज नारायण शुक्ला, इंग्लेश शर्मा, वन विभाग के सर्वेयर ज्ञान शक्ति, शिवमंगल पाठक, के अलावा अमीन, कानूनगो, लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी।

## दो दोस्तों के साथ मारपीट करने के आरोप में मुकद्दमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय तहसील अंतर्गत थाना आटा अंतर्गत ग्राम संदी में एक शादी समारोह में शामिल दो दोस्तों की मारपीट तथा गाली गलौज के मामले में वादी के द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है उक्त प्रकरण को लेकर वादी आदित्य कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी मोहल्ला रामनगर थाना कोतवाली उरई ने थाना आटा में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 24.05.2026 को प्रार्थी व प्रार्थी का दोस्त प्रिंस कुमार पुत्र अरविंद कुमार मोहल्ला रामनगर उरई अपने मामा की शादी में ग्राम संदी गए थे। जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था। समय करीब रात्रि 11:55 बजे आरोपीगणों रोहित पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम बीजापुर थाना आटा व सुमित पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात तथा दो अन्य व्यक्ति नाम पता अज्ञात प्रार्थी व प्रार्थी के दोस्त के साथ बेवजह मां बहन की गाली गलौज बकने लगे। जब प्रार्थी ने आरोपियों को गाली देने से मना किया तो आरोपी मारपीट करने लगे।

# कोल्ड स्टोर में घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम व सीओ मौके पर पहुंचे

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** ग्राम अंडा में ओम नम: शिवाय कोल्ड स्टोरेज में दिन मंगलवार को गैस रिसाव से ऑपरेटर झुलस गया था जैसे ही यह सूचना उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल व क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद को मिली तो वह तुरंत ही घटना स्थल पर पहुंचे तथा मौके की जांच की उन्होंने बताया कि यहां पर 28 वर्षीय युवक काम करते हुए अमोनिया गैस के रिसाव से झुलस गया है जो डॉक्टर के यहां गया था जहां से इलाज के बाद उसे स्वस्थ्य करार देते हुए अपने सुपर विजन से बाहर कर दिया उन्होंने यह भी बताया कि बीएचओ को सूचना दे दी गयी है वह अपने स्तर से जांच करके। लाईसेन्स वैद्य न होने की बात पर पर अधिकारियो ने कहा कि जांच उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी और यह जांच एक या दो घण्टे में हो जाएगी।उन्होने कहा अगर वर्तमान में फायर सर्विस, पीडब्ल्यूडी और बीएचओ द्वारा वैद्य लाइसेंस नहीं दिए गए है तो इस पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी जिस पर शील करने की भी कार्यवाही हो सकती है।

# अंधेर गर्दी की हद : हरदुआ में बिना सड़क बनाये हड़प लिए सरकारी भुगतान

### डीएम से सड़क बनवाने और गबनकर्ताओ के विरुद्ध एफआईआर करके कठोर कार्यवाही करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भ्रष्टाचारियो ने हद कर दी ग्राम पंचायत गुमावली के मजरा ग्राम हरदुआ में बगैर कार्य के फर्जी सीसी सड़क भुगतान क्षेत्र पंचायत द्वारा करा लिया गया।

क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार निवासी ग्राम कैथी ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि ग्राम हरदुआ में क्षेत्र पंचायत द्वारा वर्ष 2022-23 में सी सी निर्माण शंकर जी के मंदिर से रघुराज के मकान तक बर्क आई डी संख्या 3138006/आर सी/958486255823410959 है जिसका कुल भुगतान 5 लाख 27 हजार रुपया निकाला गया है जबकि मौके पर कोई भी कार्य नहीं कराया गया प्रदीप कुमार ने एसडीएम से उपरोक्त फर्जी काम की जांच टीएससी/चीफ टीएससी से कराकर भ्र्ष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# मोहल्ला शाहगंज में कच्ची सड़क को पक्का कराने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** बारिश के मौसम से पहले नगर के मोहल्ला शाहगंज में कच्ची सड़क को पक्का कराने की मांग मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से की है। लोगों का कहना है कि बरसात में इस मार्ग पर कीचड़ और जलभराव के कारण हालात बदतर हो जाते हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है।

नगर के मोहल्ला शाहगंज में मौलाना खालिद रहमानी के मकान से होकर लगभग 150 मीटर लंबा और करीब 25 फीट चौड़ा कच्चा मार्ग बना हुआ है, जो आगे जाकर औरैया रोड से जुड़ता है। मोहल्ले के अधिकांश लोग इसी रास्ते से आवागमन करते हैं। बरसात के दौरान यहां जलभराव और दलदल जैसी स्थिति बन जाती है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के खालिद रहमानी, सलमान, रजा, सादिक, इसराइल आदि ने बताया कि बस्ती के अधिकतर अंदरूनी रास्ते करीब 10 फीट चौड़े हैं, जहां बड़े वाहनों का प्रवेश मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यदि यह मुख्य मार्ग पक्का बन जाता है तो पूरे मोहल्ले का जुड़ाव चौड़े रास्ते से हो जाएगा। इससे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य बड़े वाहन भी आसानी से बस्ती तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि इस रास्ते को बारिश से पूर्व पक्का करा दिया जाए ताकि मोहल्ले के लोगों को बारिश के मौसम में दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# 108 सुंदरकांड व श्रीहनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पुरुषोत्तम मास (अधिकमास मास) के दूसरे मंगलवार को नगर के हनुमानजी मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन हुए। उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर सामूहिक 108 सुंदरकांड व श्रीहनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पाठ कर धार्मिक अनुष्ठान में आहूति दी।

हर तीन वर्ष बाद आने वाले अधिमास (पुरुषोत्तम मास) को धार्मिक आयोजनों के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। पंडित अरविंद बाजपेई बताते हैं कि अधिमास (पुरुषोत्तम मास) में की गई पूजा, व्रत और दान-पुण्य का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक प्राप्त होता है। यह मास भगवान विष्णु को समर्पित है। इसलिए श्रीहरि की आराधना से मोक्ष, पापों से मुक्ति और अटके हुए कार्यों में सफलता मिलती। पुरूषोत्तम मास में नगर व क्षेत्र में धार्मिक आयोजन लगातार चल रहे हैं। माह के दूसरे मंगलवार को नगर के मंदिरों में श्रीरामचरित मानस का अंखड पाठ चल रहा है और पूजा-अर्चना के साथ प्रसाद वितरण कराया जा रहा है। उरई मार्ग पर श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में सामूहिक 108 सुंदरकाण्ड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के बाद पुजारी कमलेश महाराज ने धार्मिक आयोजन की शुरुआत कराई। धार्मिक आयोजन में सुंदरकांड व श्रीहनुमान पाठ के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में मंदिर में भक्त पहुंचे और सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया। पाठ करने के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके संजीव पचौरी, अंगद सिहं, अरविंद सोनी, आलोक शर्मा, लवकुश राजावत, कृष्ण पाल सिंह सेंगर, लोकेंद्र चौबे, रामकरण भदौरिया, नीलम, पूनम, वर्षा, मनोज, प्रमोद, ब्रजेश, राकेश, अनुराग आदि भक्तों ने सहयोग किया।

## खेत में काम कर रहे किसान की पिटाई करने पर मुकदमा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** तहसील अंतर्गत थाना आटा अंतर्गत ग्राम भदरेखी में अपने खेत में काम कर रहे किसान को आरोपी ने उसके साथ जमकर मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बिबेचना शुरू कर दी गई है। उक्त मामले को लेकर वादी अनीस पुत्र हबीब निवासी भदरेखी ने आटा थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 24.05.2026 को समय करीब 4 बजे शाम प्रार्थी अपने खेत में काम कर रहा था।

# स्रोत पर ही रोको अवैध खनन व परिवहन, टास्क फोर्स करेगी संयुक्त कार्रवाई

## ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी, तीन बार पकड़े गए वाहन होंगे ब्लैकलिस्ट व स्क्रैप – डीएम

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की उच्चस्तरीय बैठक कर अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए निर्देश दिए कि खनन पट्टा क्षेत्रों की आकस्मिक निगरानी अब ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को तुरंत चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जा सके।उन्होंने तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों को सक्रिय करते हुए निर्देश दिए कि स्रोत स्थल पर पहुंचकर अवैध खनन एवं परिवहन को रोका जाए। ओवरलोडिंग, बिना रॉयल्टी एवं एनआर वाहनों पर कठोर कार्रवाई करते हुए कहा गया कि यदि कोई वाहन तीन बार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसे ब्लैकलिस्ट करते हुए सीज एवं स्क्रैप कराने की कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी अकेले चेकिंग नहीं करेगा। समस्त कार्रवाई टास्क फोर्स समिति द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिससे जांच में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्रवाई पूरी दक्षता एवं समन्वय के साथ हो ताकि जनपद में अवैध परिवहन पर पूर्णत: अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी बालू पट्टा धारक की अवैध खनन में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई करते हुए पट्टा निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाए। तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों की कार्रवाई की निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, आईपीएस एवं एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य को जनपद प्रभारी नामित किया गया है। दोनों अधिकारियों को लगातार इनपुट एकत्र कर अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कालपी स्थित यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के दृष्टिगत वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो और आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, सीओ आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वयं सहायता समूहों से बदलेगी ग्रामीण महिलाओं की तस्वीर

## - डीएम ने मिशन शक्ति के तहत आजीविका संवर्धन, बैंक लिंकेज और 'लखपति दीदी' अभियान को तेज करने के दिए निर्देश



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार उरई में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिला क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वयं सहायता समूहों का विस्तार करने, बैंक लिंकेज बढ़ाने तथा 'लखपति दीदी योजना' के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र एवं अंत्योदय राशन कार्ड धारक परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर समूहों से जोड़ा जाए ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्वरोजगार एवं आय सृजन गतिविधियों से जुड़ सकें। जनपद में अब तक 9413 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है तथा 1,37,701 परिवारों का समूहों से संतृप्तिकरण किया गया है। वहीं 986 ग्राम संगठन एवं 36 संकुल स्तरीय संघ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने समूहों को रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि एवं बैंक लिंकेज से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परिवार संतृप्तिकरण में कम प्रगति वाले विकास खंड माधौगढ़, नदीगांव, रामपुरा एवं जालौन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारियों को बैंक समन्वय स्थापित कर समूहों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु विशेष अभियान चलाने को कहा।लखपति दीदी योजना की भी विस्तार से समीक्षा की गई।आगामी वर्षों में जनपद की 41,526 महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अब तक 472 लखपति सीआरपी चयनित की जा चुकी हैं तथा 80 सीआरपी को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महिलाओं को कृषि, डेयरी, सिलाई, फूड प्रोसेसिंग, पेपर उत्पाद, प्रेरणा कैंटीन, पीडीएस दुकान, मूंगफली उत्पादन एवं गैर कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जाए।जनपद में स्वयं सहायता समूहों द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियों का सफल संचालन किया जा रहा है, जिनमें सर्वाधिक 6143 महिलाएं गैर कृषि क्षेत्र में कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त एसवीईपी, पीडीएस दुकान, ड्राई फूड वितरण, प्रेरणा कैंटीन एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकास खंड, तहसील, जिला अस्पताल एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज में समूहों द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन स्थापित कर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, डीडीओ प्रशांत पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, सहित समिति के समस्त सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम टीकर में आग की चपेट आने दो घर जलकर खाक

( यंग भारत न्यूज )



- पीड़ित परिवार ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा ज्ञापन
- आर्थिक सहायता उपलब्ध करवायें जाने की लगाई गुहार

**उरई ( जालौन )।** विकास खंड डकोर के ग्राम टीकर में अचानक आग लगने से दो घर जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से घरों में रखा हजारों रुपये का घरेलू सामान, कपड़े, अनाज एवं अन्य जरूरी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। घटना के बाद पीड़ित परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया है।

मामले को लेकर गांव की दर्जनों महिलाएं एवं पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने से पीड़ित परिवारों का भारी नुकसान हुआ है और अब उनके पास रहने एवं खाने-पीने तक की समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता एवं राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित परिवार सामान्य जीवन जी सकें। ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों में प्रमुख रूप से लुच्छीराम, प्रदीप, हीरा, कस्तूरी, कमलेश, पुनिया, सीताराम, शकुन देवी, भूरी देवी, हीरा देवी आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# व्यापारी शहीदों को नमन कर मनाया गया प्रेरणा दिवस

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में व्यापारी एकता और संगठन मजबूती पर हुआ मंथन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन ।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन द्वारा मंगलवार को जिला परिषद रोड स्थित श्री बजरंग होटल में 'प्रेरणा दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम व्यापारी हितों की रक्षा के लिए हुए आंदोलनों में बलिदान देने वाले व्यापारी शहीदों की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें व्यापारी एकता एवं संगठन की मजबूती का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन मौजूद रहे,जबकि पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा ज्ञान सिंह खंगार, रामू कौशल, बृजकिशोर गुप्ता,अनुज मिश्रा एवं गौरव राठौर ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत व्यापारी शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में व्यापारियों की समस्याओं, संगठन की भूमिका और व्यापारी हितों की रक्षा के लिए एकजुटता की आवश्यकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के संघर्ष और बलिदान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी संतोष गुप्ता ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री संजीव सिपौल्या ने किया। कार्यक्रम में उरई नगर के व्यापारियों और पदाधिकारियों ने संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रेरणा दिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकार भी देखने को मिला। श्री बजरंग होटल के प्रोपराइटर बबलू दुबे द्वारा राहगीरों एवं उपस्थित लोगों को शरबत और जलजीरा वितरित किया गया। इस पहल की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री बलवीर सोनी, जिला संरक्षक केदार भारद्वाज, जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, बंटू गुर्जर, राजकुमार अग्रवाल, धर्मेंद्र कुलश्रेष्ठ, धीरेंद्र श्रीवास्तव, सुंदरलाल वर्मा, शिवदयाल हुंका, राजेश आनंद, अंकित त्रिपाठी सहित महिला में जिलाध्यक्ष महिला बिंग सुनीता राज, जिला उपाध्यक्ष रानी दीक्षित,चंचल मिश्रा,संगीता राज, चुन्नी,रानी देवी,शशि किरन, दुर्गेश पांचाल, रचना दुबे नगर अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा एवं अन्य व्यापारी, जिला पदाधिकारी जिला महिला पदाधिकारी एवं उरई नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर शिवसेना द्वारा उरई के रामेश्वर चौराहा पर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय किया वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** ज्येष्ठ मास के चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर शिवसेना जालौन द्वारा उरई के रामेश्वर चौराहा पर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और तेज धूप को देखते हुए शिवसैनिकों ने सेवा भाव के साथ लोगों को ठंडा पेय वितरित कर जनसेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों ने कहा कि समाज सेवा एवं जनकल्याण संगठन की प्राथमिकता है। शिवसेना जालौन निरंतर धार्मिक, सामाजिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाती रही है और आगे भी इसी भावना के साथ सेवा कार्य जारी रखेगी। शीतल पेय वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों एवं स्थानीय लोगों ने सहभागिता की तथा शिवसेना के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में सेवा एवं सहयोग का वातावरण देखने को मिला।इस अवसर पर झांसी मंडल प्रभारी सत्यम सक्सेना, मंडल प्रभारी मिथलेश कुमार, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य, सोनू, शेखर, मंगल सिंह, कन्हैया लाल भिटारा, संदीप प्रजापति, सोनू, मास्टर आदित्य, मास्टर अंकुश, मास्टर अंश सहित अनेक शिवसैनिक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हर पोर्टल पर दिखे प्रगति में सुधार-डीएम

## मातृ-शिशु स्वास्थ्य, एनआरसी, टीबी उन्मूलन और आभा आईडी की समीक्षा में कई ब्लॉकों की धीमी प्रगति पर सुधारात्मक दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं पोर्टलों की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पोर्टलों पर वास्तविक प्रगति परिलक्षित होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित एसएनए स्पर्श पोर्टल 2.0 एवं डीडीओ पोर्टल पर कर्मचारियों, आशा, आशा संगिनी तथा जेएसवाई लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन कार्य की प्रगति देखी गई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि ब्लॉक स्तरीय इकाइयों को 330.00 की लिमिट आवंटित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने लंबित पंजीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।आरसीएच पोर्टल की समीक्षा में कई इकाइयों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्ययोजना बनाकर वर्क प्लान पोर्टल से डेटा जनरेट करते हुए सभी सूचनाएं समय से अपडेट की जाएं। गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) चिन्हांकन की समीक्षा के दौरान छिरिया, कदौरा, पिंडारी, कुठौंद, कालपी, रामपुरा एवं अरवन क्षेत्र के कई उपकेंद्रों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एएनएम के क्षमता संवर्धन तथा पीएमएसएमए दिवस पर 15 से 20 प्रतिशत एचआरपी चिन्हित करने के निर्देश दिए। एफबीएनसी पोर्टल के अंतर्गत एनआरसी कार्यक्रम की समीक्षा में बेड ऑक्यूपेंसी दर मात्र 59 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सा इकाइयों को निर्देशित किया कि अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय इकाई को न्यूनतम 25 बच्चों को प्रतिमाह एनआरसी में भर्ती कराने का लक्ष्य दिया। साथ ही जिला महिला चिकित्सालय, पुरुष चिकित्सालय तथा सीएचसी कोच, कालपी, जालौन एवं माधौगढ़ के बाल रोग विशेषज्ञों को ओपीडी के दौरान बच्चों की स्क्रीनिंग कर एनआरसी में भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसएनसीयू एवं एनबीएसयू इकाइयों की समीक्षा में सीएचसी जालौन, माधौगढ़ एवं कोंच में कम एडमिशन तथा कम बेड ऑक्यूपेंसी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और आगामी माह में सुधार लाने के निर्देश दिए।ई-कवच पोर्टल के तहत आभा आईडी, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सीबीएसी स्क्रीनिंग तथा हेल्थ फैसिलिटी लॉगिन की समीक्षा में न्यूनतम प्रगति वाले ब्लॉकों को चेतावनी देते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन में रामपुरा, कदौरा, कुठौंद, डकोर, उरई एवं अरवन ब्लॉकों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभावी रणनीति बनाकर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्क्रीनिंग अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आशा संगिनी कार्यकत्रियों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आशा कार्यकत्री सेवा समिति संगठन की जिलाध्यक्ष राजकुमारी के नेतृत्व में आशा संगिनी कार्यकत्रियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकत्रियों ने नारेबाजी करते हुए शहर में जुलूस निकाला और बाद में कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आशा एवं संगिनी कार्यकत्रियां लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें उचित मानदेय और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाए। ज्ञापन में मुख्य रूप से मानदेय बढ़ाने, स्थायी कर्मचारी का दर्जा देने, कार्य के अनुसार प्रोत्साहन राशि सुनिश्चित करने, सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने समेत 10 सूत्रीय मांगें शामिल रहीं। इस मौके पर प्रमुख रूप से पार्वती देवी, फूलन, क्रांति, कांति, मनीषा, रामा देवी, जयश्री, सुमन, भारती, रेखा देवी, सुनीता, ममता, नीलम, माया देवी, रामसखी के अलावा संगठन की कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आशा संगिनी कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

# गल्ला मंडी में दुकान का ताला तोड़ कर दबंगई से कर लिया कब्जा

## पीड़ित ने डीएम से की शिकायत और कठोर कार्यवाही की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** गल्ला मंडी उरई में स्थित दुकान बी-21 पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए न्याय दिलाए जाने की गुहार लगाई है। प्रेमकुमार पुत्र देवीशरण बुधौलिया निवासी 258 गोपालगंज कोतवाली उरई ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाते बताया कि सुरेन्द्र पाल सिंह उर्फ राजू ने दुकान का ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर लिया। घटना के बाद पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।पीड़ित का कहना है कि उक्त दुकान पर उसका वैध अधिकार है, लेकिन दबंगई के बल पर कब्जा किया गया है। मामले को लेकर उसने प्रशासन से दुकान को कब्जामुक्त कराकर न्याय दिलाने की मांग उठाई है।

# पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों ने वाहन चालकों की जेब पर डाला अतिरिक्त बोझ

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** पेट्रोल व डीजल के लगातार बढ़ते दामों ने वाहन चालकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। पिछले 10 दिनों में चौथी बार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी होने से आम लोगों में चिंता बढ़ गई है। कई शहरों में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच चुका है, जबकि डीजल के दामों में भी भारी इजाफा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, वैश्विक तनाव और सप्लाई संकट को इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह माना जा रहा है। लगातार महंगे हो रहे पेट्रोल-डीजल का असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवहन खर्च बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुओं के दामों पर भी असर पड़ रहा है। दिल्ली समेत कई महानगरों में पेट्रोल 2 से 3 रुपये प्रति लीटर तक महंगा हुआ है, जबकि डीजल में भी करीब 2.70 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में जल्द राहत नहीं मिली तो आने वाले दिनों में आम जनता पर महंगाई का दबाव और बढ़ सकता है। बताया जा रहा है कि 15 मई, 19 मई, 23 मई और 25 मई को चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाए गये। इस चार बढ़ोतरी के बाद कुल मिलाकर पेट्रोल-डीजल करीब 7 रुपए तक महंगा हो चुका है।

# युवाओ की प्रतिभाओ को निखारने का काम कर रहे विधायक मूलचंद्र-श्याम विहारी गुप्ता

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** प्रदेश शासन की ग्रामीण युवाओं की प्रतिभा को आगे ले जाने की मंशा को धरातल पर उतारने का काम माधोगढ़ विधायक बखूबी कर रहे हैं, यह बात गौसेवा आयोग उप्र के अध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री) श्यामबिहारी गुप्ता ने विधायक खेल महोत्सव के तहत तीतरा स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में चल रहे माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर अतिथि कही।सोमवार की रात खेले गए लीग मैचों में गौसेवा आयोग अध्यक्ष श्यामबिहारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष/पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी अतिथि के रूप में शामिल हुए। माधोगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित उक्त दोनों जनप्रतिनिधियों ने मैदान पर पहुंचकर टॉस कराते हुए खिलाड़ियों से हांथ मिलाकर उनसे परिचय प्राप्त किया और उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गौसेवा आयोग अध्यक्ष ने कहा कि स्वस्थ तंदुरुस्त काया जीवन का अनमोल वरदान है जो खेलकूद और व्यायाम से संभव है। ग्रामीण युवाओं को खेलकूद के माध्यम से स्वस्थ बनाकर उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर माधोगढ़ विधायक द्वारा दिया जा रहा है जो निश्चित रूप से सराहनीय है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन की मैदानी व्यवस्था प्रशंसनीय है। यही ग्रामीण युवा माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट से अपनी प्रतिभा निखारकर भविष्य में बड़े टूर्नामेंट में सहभागिता कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। इससे पहले टूर्नामेंट आयोजन समित प्रमुख आशु निरंजन महतवानी की अगुवाई में गौरी चबोर, अरविंद निरंजन मुनिया, बारिस राईन, विकास पटेल, लालजी निरंजन चांदनी, अवधेश पटेल, रामलला धनौरा, नारायण सिंह, प्रदीप निरंजन मास्टर धनौरा, अंशू डाढी, राजाबाबू किशुनपुरा,कुलदीप धनौरा आदि ने माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया। संचालन प्रदीप निरंजन धनौरा ने किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष कोंच प्रदीप गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री मीनू मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि महेश पतराही, सभासद रविकांत कुशवाहा, ओपी कुशवाहा, सौरभ पुरवार आदि मौजूद रहे।




# बबूल की लकड़ी से भरी डीसीएम वन विभाग ने पकडी, 25 हजार जुर्माना वसूला

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** वन विभाग की टीम ने कोंच-कैलिया मार्ग पर कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से ले जाई जा रही बबूल की लकड़ी से भरी एक डीसीएम पकड़ ली। जांच के दौरान लकड़ी से संबंधित जरूरी कागजात न मिलने पर विभाग ने वाहन को कब्जे में लेकर 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है।रात में वन विभाग के डिप्टी रेंजर अमित शर्मा टीम के साथ कोंच-कैलिया मार्ग पर ग्राम घमूरी के पास गश्त कर रहे थे।तभी उन्हें एक संदिग्ध डीसीएम दिखाई दी, जिसे रोककर जांच की गई। तलाशी लेने पर वाहन में बड़ी मात्रा में बबूल की लकड़ी भरी मिली। डिप्टी रेंजर ने वाहन चालक धर्मेंद्र सिंह निवासी अलीगढ़ से लकड़ी परिवहन से संबंधित कागजात मांगे, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वन विभाग की टीम ने डीसीएम को कब्जे में लेकर वन विभाग कार्यालय कोंच में खड़ा करा दिया। डिप्टी रेंजर अमित शर्मा ने बताया कि डीसीएम में करीब 128 कुंतल बबूल की लकड़ी भरी थी, जिसे मोंठ से मेरठ अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। चालक के पास कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।



# कोल्ड स्टोर संचालक की लापरवाही के चलते गैस के रिसाव से ऑपरेटर झुलसा

## घायल अवस्था में प्राइवेट नर्सिंग होम पहुंचा आपरेटर

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज में गैस रिसाव होने के कारण वहां काम करने बाला व्यक्ति झुलस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन में इलाज हेतु प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अंडा में ओम नमः शिवाय नाम से श्याम द्विवेदी पुत्र पवन द्विवेदी एवं राज कुमार दुबे का कोल्ड स्टोर निर्माणाधीन है जो पूरी तरह से बनकर तैयार भी नहीं हुआ है। लेकिन जल्द बाजी में उसे चालू कर दिया गया और उसमें 90 हजार बोरी मटर का स्टॉक भी रखा हुआ है।मंगलवार को जब कोल्ड स्टोर में सुवह 6 बजे आपरेटर का काम देख रहे जिला मैनपुरी के ग्राम हुसैनपुर निवासी अनूप कुमार पुत्र जयवीर सिंह कोल्ड में मौजूद था तभी मशीन से गैस का तेजी से रिसाव हो गया जिससे अनूप कुमार बुरी तरह झुलसकर घायल हो गया जिसे आनन फानन में नगर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर है।



# विवाहिता के साथ ससुरालीजनों द्वारा मानसिक और शारिरिक उत्पीड़न जब असहनीय हो गया तो पीड़िता ने फांसी लगाकर दे दी जाएं

## -मृतका अपने पीछे2 मासूम बच्चों को छोड़ गई है, मायके पक्ष ने की कठोर कार्यवाही की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडितपुर में मंगलवार सुबह एक विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं मृतका अपने पीछे दो छोटे मासूम बच्चों को छोड़ गई है।



जानकारी के अनुसार, पंडितपुर निवासी श्याम बिहारी दोहरे की पुत्री प्रियंका की शादी वर्ष 2017 में मध्य प्रदेश निवासी युवक के साथ हुई थी। परिजनों का आरोप है कि शादी के शुरुआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष द्वारा प्रियंका का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जाने लगा। बताया गया है कि प्रताड़ना से परेशान होकर प्रियंका लंबे समय से अपने मायके में रह रही थी। परिजनों के मुताबिक उसने कई बार ससुराल लौटकर परिवार के साथ रहने का प्रयास किया, लेकिन उसे अपनाने से इंकार कर दिया गया। लगातार मानसिक तनाव और अपमान से आहत होकर प्रियंका ने मायके में ही पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पीछे करीब 8 वर्ष और 5 वर्ष उम्र के दो छोटे बच्चों को छोड़ गई है। मां की मौत के बाद दोनों मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।घटना की सूचना मिलते ही कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक जगंबा प्रसाद दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के दौरान मृतका की मां सदमे में बेसुध हो गईं, जिन्हें पुलिस और ग्रामीणों ने संभाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने लेखपाल प्रकाश राठौर पर भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगण** जालौन, माधौगण विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कासिमपुर के मजरा रहावली में ओलावृष्टि से हुई फसलों के नुकसान के संबंध में श्री प्रकाश राठौर पर मनमानी एवं सुविधा शुल्क मांगने के किसानों ने लगाए गंभीर आरोप श्री प्रकाश राठौर लेखपाल के द्वारा लगभग 50 किसानों को अभी तक ओला वृष्टि के द्वारा हुए नुकसान का मुआवजा नहीं मिला है ग्रामीणों का कहना है की जिसका फसल का नुकसान कम हुआ है उसी को पैसा ज्यादा मिला है जिस किसान का नुकसान ज्यादा हुआ उसे कोई भी मुआवजा अभी तक नहीं मिला है ग्रामीणों ने लगाया लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लेखपाल के द्वारा जो ग्राम पंचायत कासिमपुर रहावली गढ़िया बिजदुवा के अंदर जो लेखपाल के खास खास लोग हैं उन्हीं लोगों को मिला है मुआवजा लालबहादुर सिंह, राजेंद्र सिंह, कल्लू सिंह, जयेंद्र सिंह गजेंद्र सिंह गजराज सिंह अजमेर सिंह लाखन सिंह अबलाक सिंह पिंटू सिंह पत्रकार राजेंद्र सिंह ने तहसीलदार गौरव कुमार को लिखित एवं मौखिक बताया कि ओला वृष्टि से हुए नुकसान का अभी तक मुआवजा नहीं मिला है लेकिन तहसीलदार केवल आश्वासन दे रहे हैं जबकि लेखपाल से इस संबंध में बात की तो लेखपाल का कहना है डीएम साहब के पास आपकी लिस्ट रखी हुई है जब पीएम साहब पैसा डालेंगे तभी आपका पैसा मिलेगा है किसान वैसे भी परेशान है लेकिन लेखपालों द्वारा जो मनमानी की जा रही और जो सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है खबर प्रकाशित होने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है



# नौ तपा लगते ही सड़कों पर पसरा सन्नाटा, तापमान पहुंचा 45 पर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नौ तपा की शुरुआत होते ही जिले में भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। सोमवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।




दोपहर के समय बाजारों, चौराहों और प्रमुख सड़कों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम आवाजाही दिखाई दी। गर्मी का असर सबसे अधिक दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों और राहगीरों पर पड़ रहा है। तेज धूप के कारण लोगों को लू लगने का खतरा भी सताने लगा है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही अधिक से अधिक पानी पीने, सिर ढककर बाहर निकलने और गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने को कहा गया है। वहीं लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण बिजली की मांग भी बढ़ गई है, जिससे कई क्षेत्रों में विद्युत कटौती की समस्या सामने आने लगी है। भीषण गर्मी और उमस से आम जनमानस परेशान दिखाई दे रहा है।

# प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में दर्शको की उमड रही भारी भीड

( यंग भारत न्यूज )

कोंच तीतरा खलीलपुर स्थित एमएसडी महाविद्यालय के मैदान में आयोजित माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैचों के साथ जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, टीमों के खिलाड़ियों के अथक परिश्रम और क्षेत्र के हजारों क्रिकेट प्रेमियों के बीच रोमांच बनता जा रहा है। सोमवार की रात फ्लड लाइट्स में खेले गए तीनों मैचों में दर्शकों की खूब भीड़ जुटी।



पहला मैच सैंडी इलेवन कोंच और रामराजा इलेवन असूपुरा की टीम के बीच खेला गया। सैंडी टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। रामराजा टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 6 विकेट खोकर सिर्फ 46 रन बनाए और 4 ओवर 4 गेंद खेलकर सैंडी की टीम ने लक्ष्य प्राप्त कर लिया। सैंडी टीम के आलराउंडर खिलाड़ी आदिल खान ने 7 गेंदों में 23 रन बनाये, साथ ही 1 विकेट लेकर मेन ऑफ द मैच का खिताब जीता। दूसरा मैच टीचर्स इलेवन माधोगढ़ और वारियर्स इलेवन दमा की टीम के मध्य खेला गया। टीचर्स इलेवन ने पहले बैटिंग कर 8 विकेट खोकर 66 रन बनाए और जबाव में वारियर्स की टीम 3 विकेट के पतन पर 54 रन ही बना सकी। टीचर्स इलेवन टीम के धाकड़ खिलाड़ी रौनी यादव ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए जिन्हें मेन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच टीचर्स इलेवन और सैंडी इलेवन कोंच के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीचर्स इलेवन टीम ने 6 विकेट खोकर 61 रन बनाए जवाब में सैंडी इलेवन टीम ने 6 ओवर और 1 गेंद खेलकर 5 विकेट खोकर मैच जीत लिया। सैंडी इलेवन टीम के खिलाड़ी आदिल खान ने 9 गेंदों में शानदार 21 रन बनाए जबकि 2 ओवरों में मात्र 4 रन देकर 1 विकेट भी लिया। आदिल खान को मेन ऑफ द मैच के रूप में पुरस्कृत किया गया। अंपायर की भूमिका सूरज त्रिपाठी एवं शिशिर कुमार ने बखूबी निभाई।कांमेन्ट्री की जिम्मेवारी प्रदीप पटेल मास्टर धनौरा ने निभाई।

# गंगा दशहरा पर्व पर राहगीरों को पिलाया शर्बत

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पतित पावनी मां गंगा के धरती पर अवतरण की पावन स्मृति के रूप में मनाए जाने वाला पर्व गंगा दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व पर दान पुण्य के विशेष विधान को लेकर युवाओं ने गहोई भवन पर सड़क किनारे राह चलते सैकड़ों लोगों को भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पिलाकर उन्हें राहत पहुंचाई। शरबत वितरण में सूर्यदीप सोनी, पंकज निरंजन सेता, सौरभ शिवहरे, सुनील रायकवार ऋषभ यादव, हेमंत अग्रवाल, शरद यादव, अभय सोनी, मिट्ठू सोनी, राजेश राठौर, गौरव पटवा, कंचे अग्रवाल, किशोरी, सोनू गुप्ता, शुभम अग्रवाल, गौरव सोनी, विकास वर्मा, नितिन राठौर आदि शामिल रहे। हिंदू धर्म के अनुसार गंगा दशहरा पर्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा नदी में स्नान और दान पुण्य व जरूरतमंद लोगों की मदद करने से मनुष्य को पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उधर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कोंच इकाई द्वारा भी जेठ दशहरा के उपलक्ष्य में शर्बत वितरण किया गया। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय लोहिया, महामंत्री राजेंद्र अग्रवाल, आमीन बेग, सचिन गौतम, केके राजपूत, राहुल वर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता लला देवगांव वाले, राजीव गुप्ता तीतरा वाले, आकाश गर्ग, ब्रजेश गुप्ता, देवेंद्र सोनी आदि रहे।वही उमाशंकर राठौर कल्ले ने अपने तमाम सहयोगियो के साथ डाकघर के पास शर्बत वितरण किया लोगो ने भीषण गर्मी में शर्बत पीकर गला तर कर राहत ली।



# वर्दी के झोंक में होमगार्डों की खुली गुंडई, दिमागी तौर पर कमजोर युवक को बेरहमी से पीटा

## पिटाई का वीडियो वायरल


( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** खाकी की खुलेआम गुंडई की शर्मनाक तस्वीरें सामने आई हैं। होमगार्ड के जवानों ने एक युवक को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। युवक के साथ हो रही मारपीट का वीडियो कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।वायरल वीडियो की स्वदेश समाचार पत्र पुष्टि नही करता है।वीडियो कोंच तहसील परिसर का बताया जा रहा है। जिस युवक की पिटाई हो रही है वह दिमागी तौर पर कमजोर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार की सुरक्षा में लगे होमगार्ड जवानों ने मानसिक रूप से कमजोर युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। वीडियो में युवक को जमीन पर गिराकर मारते हुए साफ देखा जा सकता है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। घटना जनपद जालौन के कोंच तहसील परिसर की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल मामले को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



# मदारीपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ झूल गया फांसी के फंदे पर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के कुठौंद थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद से परेशान एक अधेड़ व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह गांव के बाहर पेड़ पर शव लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान मदारीपुर गांव निवासी मुस्ताक (55) पुत्र उस्मान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से घरेलू कलह से परेशान चल रहा था। सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर पेड़ पर शव लटका देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कुठौंद थाना पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मृतक अपने पीछे चार पुत्र छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

# डीयू छात्रा से दुष्कर्म करने वाले युवकों ने 3 दिन में बदले 80 सिम कार्ड! सदमे में है 19 साल की लड़की

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में 19 साल की लड़की से गैंगरेप के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली छात्रा से दुष्कर्म करने वाले तीन लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस की कई टीमें जौनपुर और दिल्ली भेजी गई हैं। पता चला कि आरोपियों ने पुलिस की तकनीकी ट्रैकिंग से बचने के लिए तीन दिनों में दो मोबाइल फोन में करीब 80 सिम कार्ड बदले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को जब पता चला कि पीड़िता ने दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पुलिस थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराई है तो उन्होंने बार-बार सिम कार्ड बदलना शुरू कर दिया। सिम कार्ड बदलने का यह सिलसिला 19 मई से 21 मई के बीच चला। आरोपी बार-बार एक ही हैंडसेट में नए-नए नंबर डालते रहे, ताकि कॉल डिटेल रिकॉर्ड और 'टावर डंप' के जरिये उनकी लोकेशन ट्रैक करने की कोशिशें नाकाम हो जाएं।



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, साइबर और सर्विलांस यूनिट अब हैंडसेट की पहचान और डिवाइस-लेवल के सुरागों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इसमें आईएमईआई नंबर की जांच भी शामिल है, ताकि इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड चाहे जो भी हों, फोन को सीधे आरोपियों से जोड़ा जा सके। इसके अलावा, टीमें आरोपियों के डिजिटल फुटप्रिंट (इंटरनेट पर छोड़े गए निशान), उनके संपर्क नेटवर्क और सिम कार्ड खरीदने की संभावित जगहों की भी जांच कर रही हैं। सोमवार को लखनऊ पुलिस की एक टीम युवती और उसके माता-पिता को जौनपुर से लखनऊ ले आई। इसका मकसद घटनाक्रम को दोबारा समझना और उस जगह की पहचान करना था, जहां कथित तौर पर यह अपराध हुआ था। युवती पुलिस टीम को सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित ईडब्ल्यूएस पीएम आवास योजना कॉम्प्लेक्स के एक किराए के फ्लैट तक ले गई। इसी फ्लैट में आरोपियों में से एक सनी अपने साथियों के साथ रहता हैं। युवती ने यहीं पर अपने साथ गैंगरेप किए जाने का आरोप लगाया है। घटनास्थल के मुआयने के दौरान युवती काफी सहमी हुई और सदमे में लग रही थी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और सहायता कर्मियों ने उसकी काउंसलिंग की। इस घटना से पहले पीड़िता आरोपियों में से एक शिवम यादव को पहले से जानती थी। साउथ जोन के डीसीपी अमित आनंद ने बताया कि युवती का बयान अभी मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज नहीं कराया गया है। हमारी पहली प्राथमिकता आरोपियों को गिरफ्तार करना है। शुरुआती जांच में अब तक आरोपियों का कोई भी पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है। एफआईआर के मुताबिक, दिल्ली यूनिवर्सिटी की 19 साल की प्रथम वर्ष की छात्रा छुट्टियां खत्म होने के बाद 15 मई को जौनपुर स्थित अपने पैतृक गांव से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उसने जाफराबाद रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ी थी। सफर के दौरान, उसने 20 साल के शिवम यादव से संपर्क किया, जिसे उसने अपने गाँव का पुराना जान-पहचान वाला बताया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिवम और एक और युवक सनी यादव उससे चारबाग रेलवे स्टेशन पर मिले। वे लोग उसे कैब से गोल्फ सिटी इलाके में एक प्राइवेट अस्पताल के पास बने किराए के फ्लैट में ले गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे कोल्ड कॉफी दी गई, जिसके बाद उसे नींद आने लगी। 15-16 मई की रात को उसका यौन उत्पीड़न किया गया। युवती का आरोप है कि अगले दो दिनों तक भी यह उत्पीड़न जारी रहा और इसमें एक तीसरे अनजान युवक भी शामिल था, जिसे बाद में कमरे में लाया गया था। उसे इस घटना के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

# विजयादशमी से निकलेगी अश्वमेध धर्म ध्वज यात्रा, 11800 चरूका सफर तय करेंगे संत

( यंग भारत न्यूज )

युवाओं को भारतीय संस्कृति और गौरवशाली विरासत से जोड़ने के उद्देश्य से इस वर्ष 20 अक्टूबर विजयादशमी के दिन से अश्वमेध धर्म ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। चार चरणों में आयोजित होने वाली यात्रा के माध्यम से साधु, संत, महात्मा देशभर में 11,800 किलोमीटर की दूर तय करेंगे। यात्रा पैदल, वाहन और ट्रेन के माध्यम से पूरी की जाएगी। सोमवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए जानकी घाट बड़ा मंदिर रसिक पीठाधीश्वर संत जन्मेजय शरण ने बताया कि यात्रा के प्रथम चरण का शुभारंभ 20 अक्तूबर को दिल्ली से होगा। यात्रा मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर, झांसी, उज्जैन, नासिक, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, उदयपुर और जयपुर होते हुए पुणे पहुंचेगी और दिल्ली में समाप्त होगी। दूसरा चरण दिल्ली से शुरू होकर बीकानेर, पटियाला, लुधियाना, जालंधर, अमृतसर, जम्मू, चंडीगढ़, देहरादून, हरिद्वार, मेरठ और गाजियाबाद होते हुए पुन: दिल्ली में समाप्त होगा। तीसरा चरण में बरेली, अयोध्या, पटना, कोलकाता, रांची, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, फिरोजाबाद और नोएडा होते हुए यात्रा दिल्ली में समाप्त होगी। यात्रा का चौथा चरण ट्रेन के माध्यम से दिल्ली से रामेश्वरम और पुणे होते हुए पुन: दिल्ली में समाप्त होगा। शिवाश्री ऋतु ने बताया कि सभी चरणों में निर्धारित स्थानों पर अश्वमेध धर्म यज्ञ भी किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य डॉ संतोष, अमरजीत मिश्रा, चक्रवर्तुला रमणाचा व फिल्म निर्देशक दुष्यंत प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उधर, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने तहसील मेजा मेजा रोड बाजार स्थित बद्रीनाथ तिवारी इंटर कॉलेज में विभिन्न गांव से पहुंचे धर्मानुयायियों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अगर किसी सरकार में सबसे अधिक गायों का वध किया गया तो वह भाजपा की सरकार है। इस सरकार में गोमांस विदेशों में भेजा जा रहा है। कहा आज से कई सौ वर्ष पहले जब भारत देश में आक्रांता आए, तो सबसे पहले उन्होंने हिंदुओं के घर उजाड़े, इसके बाद सनातन धर्म पर कुठाराघाट करते हुए गायों का वध करना शुरू किया। जिससे हिंदुओं के दिल पर चोट पहुंचे। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के दूत हनुमान के साथ छल करने के लिए योगी के भेष में कालनेमि पहुंचा था। इस समय यही हाल चल रहा है, योगी के भेष में लोग क्या से क्या कर रहे हैं किसी से छिपा नहीं। कहा कि उनकी गविष्ट यात्रा तीन मई से 24 जुलाई तक है, जो प्रदेश के सभी 403 विधानसभा में जाएगी। लोगों से गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए सहयोग मांगेंगे।



# क्या होता है भाई-बहन की शादी का अंजाम बन गया सबसे डरावना परिवार, बच्चों को देख कांप गए लोग!

( यंग भारत न्यूज )

अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया राज्य के एक छोटे से गांव 'ओड' में रहने वाला व्हिटेकर परिवार दुनिया की सबसे चर्चित और डरावनी फैमिली में शुमार है. यह परिवार सदियों से रक्त संबंधी शादियों के कारण गंभीर जेनेटिक समस्याओं से जूझ रहा है.

उनके घर में रहने वाले सदस्यों की शारीरिक और मानसिक स्थिति देखकर लोग सिहर उठते हैं. 1880 के दशक में शुरू हुई यह कहानी ट्विन ब्रदर्स हेनरी और जॉन से जुड़ी है. उनके बच्चों ने आपस में शादी कर ली और आगे भी पीढ़ी दर पीढ़ी कजिन मैरिज होती रही. डबल फर्स्ट कजिन्स के रूप में शादियां होने से जेनेटिक दोष बढ़ते गए. आज इस परिवार के कई सदस्य बोल नहीं पाते, गुर्राने जैसी आवाज निकालते हैं और उनके चेहरे पर विकृति साफ दिखती है. परिवार के मुख्य सदस्य: रॉय और लोरेन बोल नहीं पाते. वो इशारों और गुर्राने से बात करते हैं.



टिम्मी पूरी तरह नॉन-वर्बल है.

बेट्टी परिवार की इकलौती सदस्य जो सामान्य रूप से बोल सकती है.उन्होंने शादी नहीं की और पूरे जीवन भाई-बहनों की देखभाल में समर्पित कर दिया. फोटोग्राफर मार्क सबसे पहले 2004 में इस परिवार तक पहुंचे. जब उन्होंने इनकी तस्वीरें खींचीं तो पड़ोसी उन्हें रोकने की कोशिश करने लगे. 2020 में उन्होंने फिर इनका वीडियो बनाया, जो यूट्यूब पर 4 करोड़ से ज्यादा बार देखा गया. वीडियो में परिवार की स्थिति देखकर दुनिया हैरान रह गई.

रहस्य और अलगाव

व्हिटेकर परिवार सालों से बाहरी दुनिया से कटा हुआ था. वे बहुत कम बाहर निकलते हैं और किसी को अपने घर आने भी नहीं देते. पड़ोसी उन्हें सुरक्षा देते हैं लेकिन डर भी लगता है. डॉक्टरों द्वारा इनकी कोई आधिकारिक जांच नहीं हुई है, इसलिए उनकी बीमारियों का सटीक निदान नहीं हो पाया है. 2022 में मार्क ने इनकी मदद के लिए त्रश्स्र्ह्वठ्ठस्रह्म् कैंपेन शुरू किया, जिसमें 46,000 डॉलर से ज्यादा मदद जुटाई गई. लेकिन 2024 में वेस्ट वर्जीनिया की एडल्ट प्रोटेक्टिव सर्विसेस ने रॉय, लोरेन और टिम्मी को घर से अलग कर लिया. बेट्टी का कहना है कि उन्हें बताया भी नहीं गया कि उन्हें कहां ले जाया गया है.

# भतीजे के प्यार में पति का मर्डरः जेल की बैरक में रात भर रोती रहीं दो सगी बहनें, अपनों ने भी मोड़ा मुंह

( यंग भारत न्यूज )

**मुरादाबाद।** भतीजे से शादी की खातिर पत्नी ने पति को करंट देकर और जहरीला पदार्थ पिलाकर अपने पति की हत्या करने वाली आंचल और उसकी बहन शिखा इन दोनों के प्रेमी अंकित और अजय दिवाकर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। जेल प्रशासन के अनुसार पूरी रात दोनों बहनें अपनी बैरक में बैठी हुई रोती रही। अन्य बंदियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने किसी की बात नहीं सुनी। उधर सोमवार को दोनों के स्वजन उनसे मुलाकात करने के लिए जेल में नहीं पहुंचे।



कृषि विभाग कार्यालय स्थित कुंदनपुर मझोला फैक्ट्री के पास रहने वाले पवन ठाकुर मूलरूप से बगी गोधनपुर मैनाठेर के रहने वाले थे। पवन के दूसरे भाई देवेंद्र लाइनमैन हैं। वह परिवार संग चौधरी चरण सिंह चौक के पास रहते हैं। साल 2020 में पवन की शादी संभल के हजरतनगर गढ़ी के गांव बटुवा निवासी आंचल से हुई। दो वर्षीय बेटी दिव्यांशी है। दो साल से आंचल का पवन के सगे तहेरे भाई के बेटे (भतीजे) अंकित से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। छह माह पूर्व पवन को इस बात की भनक लग गई जिसके बाद से विवाद शुरू हो गया था। आंचल की बहन शिखा का जयंतीपुर बालाजी मंदिर मझोला निवासी अजय दिवाकर से भी प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शिखा भी बीते कई माह से बहन आंचल के घर रह रही थी। शुक्रवार शाम जब पवन काम कर घर लौटे तो पत्नी ने पहले विवाद शुरू किया। फिर चारों ने मिलकर पवन को बंधक बनाया और करंट दिया। इस बीच उसे जबरन जहर पिलाया गया जिससे मौत के बाद उसे खुदकुशी का रूप दिया जा सके। रात भर शव घर में पड़ा रहा। पुलिस ने इस मामले में मृतक के भाई देवेंद्र ठाकुर के शिकायती पत्र पर मृतक की पत्नी आंचल इसके प्रेमी अंकित, बहन शिखा और इसके प्रेमी अजय दिवाकर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रविवार को चारों आरोपितों को जेल भेज दिया था। जेल में जाने के बाद दोनों बहनें अपनी बैरक में एक कोने में बैठी रही। बार-बार पूरी रात रोती रही। सोमवार को सुबह दोनों अपने बैरक से बाहर भी नहीं आए। खाना भी बहुत कम खाया। उधर स्वजन ने भी दोनों बहनों की मुलाकात नहीं की। जेल अधीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि दोनों की सोमवार को कोई मुलाकात नहीं हुई।

# कपड़े उतारकर कपल की बनाई गंदी वीडियो, फिर BF के सामने ही किया GF का गैंगरेप; रूह कंपा देने वाली घटना

( यंग भारत न्यूज )

बिहार के मोतिहारी से एक युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है. यहां बिहार के सुगौली थाना में अपने बॉयफ्रेंड से मिलने आई एक युवती के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं.इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवती यहां अपने बॉयफ्रेंड से मिलने के लिए आई हुई थी. उसी दौरान चार बदमाश लोगों ने कपल को घेर लिया. जानकारी के मुताबिक, इन लड़कों ने कपल का पहले गंदा वीडियो बनाया. फिर वीडियो को वायरल करने के धमकी देकर युवती के साथ एक-एक कर गैंगरेप किया गया. गैंगरेप की घिनौनी वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपी फरार हो गए. पीड़िता ने इस मामले में अपने परिजनों को जानकारी दी. जिसके बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया.



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने तकनीकी जांच और सुत्रों की जानकारी के आधार पर छापेमारी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया है. इसके बाद 3 अन्य साथियों को भी पुलिस ने पकड़ा है. घचना के बाद पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थाल के पास से कई सबूत इक्कट्ठा किए है. पुलिस का कहना है कि पीड़िता को स्पीडी ट्रायल चलाकर जल्द से जल्द न्याय दिलवाने की कोशिश की जाएगी. पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेजा गया है.

# 'तुम नागिन और संकेतबाबा नाग, इसलिए.', नाबालिग को डराकर सांगली में तीन भोंदू बाबाओं ने किया गैंगरेप

( यंग भारत न्यूज )

अभी कुछ ही समय पहले पूरा महाराष्ट्र नासिक के कुख्यात जालसाज अशोक खराद के घिनौने कारनामों को देखकर दहल उठा था, जिसने कई महिलाओं का यौन शोषण कर उनके भरोसे का कत्ल किया था.अभी लोग उस सदमे से उबर भी नहीं पाए थे कि सांगली के वीटा इलाके से अंधविश्वास और दरिंदगी की एक ऐसी ही रोंगटे खड़े कर देने वाली वारदात सामने आई है. यहां कदेश्वर धाम के तीन भोंदू बाबाओं ने एक नाबालिग लड़की को अपनी हवस का शिकार बनाया है.




इन पाखंडी बाबाओं ने अंधविश्वास का ऐसा खौफनाक जाल बुना कि लड़की को कहा, 'तुम पिछले जन्म में नागिन थीं और संकेतबाबा नाग थे, इसलिए इस जन्म में तुम्हारा उनसे विवाह होना तय है.' इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता को यह कहकर भी डराया कि वह पिछले जन्म से एक डायन है. इस मामले में वीटा पुलिस ने तीनों भोंदू बाबाओं के खिलाफ पॉक्सो और धोखाधड़ी की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस तफ्तीश में सामने आया है कि इन जालसाजों ने खुद का बड़ेबड़े रसूखदार लोगों से संपर्क होने का दावा किया था. इस प्रभाव का इस्तेमाल कर उन्होंने पीड़िता के परिवार का विश्वास जीता. इसके बाद पूजापाठ, हवन और दोष निवारण के नाम पर आरोपियों ने पीड़िता के पिता से करीब साढ़े चार लाख रुपये की मोटी रकम भी ऐंठ ली. इन ढोंगियों की दरिंदगी सिर्फ बलात्कार तक ही सीमित नहीं रही. पुलिस जांच में यह बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि तीनों आरोपियों ने नाबालिग के साथ किए जा रहे अत्याचारों का बकायदा वीडियो रिकॉर्ड कर लिया था. इस वीडियो के बूते आरोपी पीड़िता को लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे. वे वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर बारबार उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करते रहे. पीड़िता की शिकायत और पुलिस की मुस्तैदी के बाद इस घिनौने रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. पुलिस ने कदेश्वर धाम के मुख्य आरोपियों महेश मोहन बाबर, संकेत संदीप निकम और सूरज उपाध्याय को गिरफ्तार कर लिया है. वीटा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और वित्तीय धोखाधड़ी के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले के अन्य पहलुओं को भी खंगाला जा रहा है.

# पिछली सरकारों के भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में लगा समय : सीएम योगी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं. सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना. इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया. हमें पिछली गर्वेमेन्टं के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा.



उन्होंने कहा कि विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है. इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं. जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा. यही पीएम मोदी जी का विजन है और उनकी प्रेरणा है. मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी. इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया. इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई. सीएम योगी ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन और लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं. सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला है, इसे पहले स्थान पर लाना है. यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है. घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें. नालियों में कूड़ा न फेंकें और संपत्तियों का नुकसान भी न करें. लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है. उन्होंने कहा कि मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर और सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है. सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं. 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता. सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है. वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व India रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं. सीएम ने तीनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व राष्ट्र के लिए योगदान का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल ही नहीं ग्रीन कॉरिडोर व मेट्रो समेत हर प्रकार की जन-सुविधाएं हैं. सीएम ने कहा कि 2017 से पहले सपा Government में गरीब के लिए मकान स्वीकृत नहीं हुए. उनकी योजनाएं गरीबों, नौजवानों के लिए नहीं थीं. हमने चेहरा, जाति, क्षेत्र, मत-मजहब देखे बिना देश की चार जातियों (गरीब, युवा, महिला व किसान) को केंद्र में रखकर काम किया. शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में 65 लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराए. उन्होंने कहा कि पहले की Government परिवार के लिए सोचती थीं, इसलिए फेल थीं. सपा के गुंडे महिला सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा थे. सपा Government में शासन की योजनाओं का लाभ चुनिंदा परिवारों को मिलता था, जबकि मोदी जी ने देशवासियों, डबल इंजन Government ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों और नगर निगम ने पूरे क्षेत्र को अपना परिवार माना. सीएम ने लखनऊ को प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर व नगर निगम बताते हुए कहा कि जितना बड़ा दायित्व होगा, उतनी बड़ी चुनौतियां भी होंगी, लेकिन स्वफ्थ्रठ्ठश्2 व प्रदेश चुनौतियों का बखूबी सामना कर रहा है. सीएम ने नकारात्मक राजनीति करने और सकारात्मक पहल पर अंगुली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा कि तीन वर्ष में नगर निगम, 9 वर्ष में प्रदेश और 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के कार्यक्रम नए प्रतिमान से बढ़ाए गए. उन्होंने कहा कि नगर निकाय, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा Government ने कुछ नया करके दिखाया है. हमारे शहर 'ईज ऑफ लिविंग' की दृष्टि से स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित हैं. लखनऊ नगर निगम ने गत वर्ष 200 करोड़ से अधिक का बांड जारी किया था, जबकि 2017 के पहले यहां के बांड की कीमत 25 करोड़ भी नहीं थी. सीएम योगी ने कहा कि ऊर्जा संकट वैश्विक बन चुका है. अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण सप्लाई लाइन बाधित हुई है. दुनिया के तमाम क्षेत्रों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं.

# सांसद अनुराग शर्मा के अथक प्रयासों से हँसारी रोड रेलवे ओवरब्रिज को मिली स्वीकृति, झाँसी में सुगम यातायात का मार्ग होगा प्रशस्त

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । झाँसी लोकसभा के सांसद अनुराग शर्मा के निरंतर अथक प्रयासों एवं जनहित के प्रति समर्पित संकल्प का परिणाम है कि झाँसी के हँसारी रोड स्थित बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज को आखिरकार स्वीकृति प्राप्त हो गई है। वर्षों से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रहे इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से झाँसी में यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलेगी तथा जाम की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

ज्ञात हो कि झाँसी में सुगम एवं गुणवत्तापूर्ण यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सांसद अनुराग शर्मा लगातार इस विषय को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। प्रारंभिक स्तर पर इस पुल के लिए दो लेन की स्वीकृति प्रदान की गई थी, किन्तु सांसद अनुराग शर्मा का निरंतर प्रयास रहा कि भविष्य की आवश्यकताओं एवं बढ़ते यातायात को ध्यान में रखते हुए यह पुल चार लेन का बनाया जाए, ताकि आने वाले वर्षों में भी झाँसीवासियों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। सांसद अनुराग शर्मा ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति दिलाने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने हेतु प्रारंभ से लेकर अंत तक निरंतर प्रयास किए। इस विषय पर उन्होंने कई बार माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर झाँसीवासियों की मांग एवं आवश्यकता को प्रमुखता से रखा।



उनके सतत प्रयासों और केंद्र सरकार के सकारात्मक सहयोग से आज इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई है। विशेष उल्लेखनीय है कि हँसारी ऋष्डुस्न रेलवे ओवरब्रिज का संपूर्ण निर्माण कार्य भारत सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा कराया जाएगा तथा इसके निर्माण में आने वाला पूरा व्यय केंद्र सरकार एवं मिनिस्ट्री ऑफ रेल द्वारा वहन किया जाएगा। इससे प्रदेश सरकार अथवा स्थानीय निकायों पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं आएगा। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि झाँसी में सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण आज झाँसी में चल रही विभिन्न बड़ी परियोजनाएँ हैं। उन्होंने बताया कि झाँसी-ग्वालियर मार्ग एवं मेडिकल तिराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (ह्र.ढ्ढ) द्वारा ओवरब्रिजों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित होगी।

इसके साथ ही हाल ही में नगरा रेलवे यार्ड के पास भी रेलवे ओवरब्रिज की स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद अनुराग शर्मा ने यह भी कहा कि पूर्व में उनके प्रयासों से झाँसी-ग्वालियर लाइन के ऊपर भी ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। उन्होंने कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं बाधारहित बनाने के उद्देश्य से निरंतर ओवरब्रिजों एवं आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि आमजन को जाम की समस्या से राहत मिल सके और क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से और अधिक सशक्त रूप से जुड़ सके। इस अवसर पर सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि झाँसी में सुगम यातायात सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में सदैव शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यंत प्रसन्नता की बात है कि इस रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में आने वाला संपूर्ण व्यय केंद्र सरकार एवं रेल मंत्रालय द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक यातायात व्यवस्था के लिए यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी तथा शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ कराया जाएगा। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि हँसारी रोड रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण झाँसी के विकास को नई गति प्रदान करेगा और वर्षों से चली आ रही जाम एवं यातायात बाधा की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि झाँसी लोकसभा की जनता से किए गए वादों को पूरा करना उनका दायित्व है और जनहित के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने समस्त झाँसी लोकसभा वासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परियोजना आने वाले समय में क्षेत्र के विकास एवं सुगम यातायात के लिए वरदान सिद्ध होगी।

# कुपात्र को देखने से दृष्टि होती है दूषित-पं ब्रजेश त्रिपाठी

## भस्नेह में कथा में उमड़ी अपार भीड़

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम भस्नेह शिवालय सरकार पर विष्णु महायज्ञ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। राष्ट्रीय कथा वाचक पं ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनाते हुए कहा कि कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने पूतना को देखकर इसलिए अपने नेत्र बंद कर लिए थे,क्योंकि पूतना कुपात्र थी ।वह बाल घातिनी थी ।भगवान ने शिक्षा दी कि कुपात्र को नहीं देखें,अपने नेत्र बंद ही कर लो।

माखन चोरी लीला में उन्होंने कहा कि ब्रज की गोपियाँ भगवान को स्वयं माखन मिश्री खिलाना चाहती थी,इसलिए भगवान ने माखन चोरी के माध्यम से गोपियों का मनोरथ पूर्ण किया। गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने इंद्र का मान मर्दन करने को गोवर्धन लीला की और इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की। भागवत कथा में ऑर्गन पर बीरेन्द्र सिंह,तबले पर धर्मेंद्र कौशिक,पैड पर नीलू एवं आनंद ने संगत की। यज्ञाचार्य पं गणेश दत्त शास्त्री के संयोजन में वैदिक पंडित देवेंद्र शास्त्री,हृदेश कटारे,सुदीप पटेरिया,आनंद स्वरूप दुवे एवं सतीश मिश्रा के द्वारा विधि विधान से यज्ञ का शुभारंभ हुआ ।यज्ञ का पूजन मुख्य यजमान राजू सिंह परमार एवं सहयोगी यजमानों द्वारा किया गया ।भागवत का मूल पाठ आचार्य हरेंद्र गौतम ने किया। भागवत की आरती परीक्षित श्रीमती रेखा अखिलेश कनकने ने की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल पिपरा, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सुकदेव व्यास,प्रसिद्ध सितारवादक पं सरजू शरण पाठक, भारतेंदु बुंदेला सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।



# गरौठा विधायक जवाहरलाल राजपूत ने की ऊर्जा मंत्री से विद्युत अव्यवस्था की शिकायत

## ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में बिजली सप्लाई रोस्टर के मुताबिक न होने से लोगों में रोष

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** गरौठा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से दिए जाने को लेकर गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने ऊर्जा मंत्री को पत्र सौंपा है. ऊर्जा मंत्रीच्च शर्मा को दिए पत्र में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कहा कि क्षेत्र से आमजनों की लगातार शिकायतें आ रही है कि विद्युत आपूर्ति सुचारु रुप से संचालित न होने के कारण जलापूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है. जिससे भीषण गर्मी में जल संकट बना हुआ है. गरौठा विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लोहागढ़, बसोबई सुट्टा, गोरपुरा, केदारताई, जसंवतपुरा, एवनी, दुरखुरु, सिया, हरदुआ, गोकुल, कुरैठा, धनौरा देवरी, ठरों, प्रतापपुरा एवं धमनौंड़ आदि ग्रामों में एल0टी0 केबिल जलने / तार टूटने एवं विद्युत लाईन जर्जर होने के साथ खम्भे टूटे गये हैं. कई जगह ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं. विधायक ने पत्र में बताया कि एवनी ग्राम में स्थित ट्रांसफार्मर की 100 से 250 केवी की क्षमता बढ़ाये जाने की लम्बे समय से मांग की जा रही है. कई गांवों से शिकायतें आ रही हैं कि 4-4 एवं 5-5 दिनों से विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है. विद्युत आपूर्ति की रोस्टिंग का रात में व दिन में निश्चित समय नहीं है. कभी-कभी पूरी रात नहीं आती कभी-कभी पूरी दिन नहीं आती है जिससे लोगों में रोष है. मोठ, समथर, गरौठा, एरच एवं गुरसरांय नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित नहीं है. बिल जमा करने के उपरान्त भी विद्युत अनियमित बनी हुयी है, जिससे इस भीषण गर्मी में लोगो का जीना मुश्किल हो रहा. इसके अतिरिक्त किसानों के निजी ट्यूबवेल में लगे खराब ट्रांसफार्मर बदलना बहुत मुश्किल होता जा रहा है. विधायक ने ऊर्जा मंत्री से मांग करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुचारु रुप से संचालित कराई जाए.



# श्रीराम मंदिर निर्माण सामूहिक संकल्प और करोड़ों लोगों की आस्था का परिणाम

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी में कानपुर प्रांत के विश्व हिंदू परिषद की दुर्गा वाहिनी के आठ दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन झांसी पहुंचे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ न्यास के महासचिव व विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि विहिप समाज में युवाओं को जाग्रत करने और उन्हें संस्कारित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल धार्मिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को संगठित और जागरूक बनाना भी है।



श्री राय ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर परिसर में करीब साढ़े तीन किलोमीटर लंबी चारदीवारी तैयार की जा रही है। इसके साथ ही ऑडिटोरियम, विश्राम गृह, ट्रस्ट कार्यालय, हुतात्माओं की स्मृति में स्मारक और रामकथा संग्रहालय का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 तक सभी प्रमुख कार्य पूरे हो जाएंगे। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि इच्छाओं को अधिक नहीं पालना चाहिए, क्योंकि जब इच्छाएं पूरी नहीं होतीं तो व्यक्ति में गुस्सा पैदा होता है और सामाजिक जीवन प्रभावित होने लगता है। उन्होंने युवाओं को संयम, धैर्य और सामूहिक सोच के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। चंपत राय ने कहा कि कभी किसी ने नहीं सोचा था कि वर्षों की प्रतीक्षा के बाद श्रीराम लला का भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण हो सकेगा, लेकिन यह सामूहिक संकल्प और करोड़ों लोगों की आस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सोच से बड़े कार्य संभव नहीं होते, बल्कि समाज की एकजुट भावना ही इतिहास रचती है। इस दौरान उनके साथ विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, निलय बोस व मयंक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# रक्सा की प्राचीन पुलन नदी पर अतिक्रमण का आरोप, डीएम ने गठित की जांच टीम

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** । झांसी के रक्सा क्षेत्र में स्थित प्राचीन पुलन नदी का अस्तित्व अतिक्रमण और अवैध कब्जों के कारण संकट में पड़ता नजर आ रहा है। नदी के स्वरूप को नुकसान पहुंचाने की शिकायत मिलने के बाद जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग की टीम गठित कर सात दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। नदी को बचाने के लिए ग्राम प्रधान और जल सहेली संगठन ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की थी।



जानकारी के अनुसार रक्सा ग्राम पंचायत के प्रधान राजेंद्र सिंह राजपूत ने करीब एक सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि क्षेत्र में बहने वाली प्राचीन पुलन नदी पर भू-माफिया और दबंगों द्वारा अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। आरोप है कि नदी के किनारों पर अतिक्रमण कर उसका आकार लगातार छोटा किया जा रहा है, जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है। वहीं जल सहेली संगठन ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पुलन नदी पर बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध कब्जों और अतिक्रमण की जानकारी दी थी। संगठन का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन की योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। ज्ञापन में अतिक्रमण हटाने के साथ दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मामले को गंभीर मानते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक, कानूनगो, लेखपाल और चकबंदी लेखपाल की टीम गठित कर जांच कराने और नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने पूरी जांच रिपोर्ट सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करने को कहा है। प्रशासन की इस कार्रवाई से नदी संरक्षण को लेकर क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ दें संस्कार-आचार्य रमाकांत व्यास

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** सिद्ध स्थान चका डोरी धाम पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भागवत की कथा सुनाते हुए भागवत कथा के विख्यात वक्ता भागवत भूषण पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार अवश्य दें,वह उनके जीवन मे पथ प्रदर्शक बनेंगे। उन्होंने ध्रुव प्रसंग के माध्यम से कहा कि ध्रुव जी को माता के संस्कार मिले और नारद जैसा गुरु मिला तो उन्होंने अल्प आयु में भगवान के परम पद को प्राप्त किया।



उन्होंने कहा कि भगवान का नाम किसी भी भाव से लिया जाए ,कल्याण करने वाला होता है ।अजामिल ने पुत्र के माध्यम से नारायण नाम लिया और उसका कल्याण हो गया। भागवत कथा का पूजन चका डोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज ने किया। भागवत का मूल पाठ आचार्य दुर्गेश द्विवेदी ने किया ।पूजन पं दीपक तिवारी ने कराया। ऑर्गन पर अनुज गोस्वामी, हारमोनियम पर आशीष तिवारी,तबला पर मनोज भण्डारया ,बेंजो पर दीपक नागर,ढोलक पर अमित चौबे,पैड पर राधा मोहन दुवे ने संगत की। : इस मौके पर यज्ञ के आयोजक महंत राकेशदास, महंत केशवदास जी महाराज इसकिल पट्टा,भागवताचार्य पं ब्रजेश त्रिपाठी, प्रख्यात सितारवादक पं सरजू शरण पाठक,रमाकांत मिश्रा, सत्यप्रकाश तिवारी सिया,नितुल व्यास, महेशचंद्र विदुआ, विकास तिवारी सिया, कैलाश तिवारी, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, दिनेश अग्रवाल ,ओमप्रकाश मिश्रा,सुरेश मिश्रा,हरी सिंह यादव,अरविन्द गुप्ता, श्याम सिंह यादव खरका,राम कुमार उपाध्याय, विश्वनाथ यादव,लला यादव कचीर,छत्रपाल सिंह,रविन्द्र नायक,रघुबीर खरे,चतुर सिंह,पीतम यादव,राधे पंडा ,सुरेश आमली आदि मौजूद रहे।

# 66वाँ संगीतमय श्री रामचरित मानस सम्मेलन समारोह में समस्त भक्तों ने श्रवण की श्रीरामचरित मानस कथा

- रामायण का केवट प्रसंग भक्ति, प्रेम और तर्क का सबसे सुंदर संवाद है - आस्था दुबे
- रामनाम जाप से ही सारे संकट टल जाते है - राकेश मानस मराल
- हनुमान चरित्र कथा, पवन पुत्र हनुमान के जीवन, पराक्रम और श्री राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति की गाथा है - विश्वभूषण दास

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी** - श्रीरामचरित मानस समिति प्रेमनगर के तत्वावधान में कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज परिसर प्रेमनगर नगरा में 66वाँ संगीतमय श्री रामचरित मानस सम्मेलन में 5 दिवसीय कार्यक्रम की बेला में तृतीय दिवस में समस्त भक्तों ने प्रवचन श्रवण किए। सर्वप्रथम विधि-विधान से पूजन-अर्चन एवं आरती की गयी व उसके पश्चात प्रवचन श्रवण कराते हुए पूज्य साध्वी आस्था दुबे मानस पीयूष जबलपुर ने कहा कि रामायण का केवट प्रसंग भक्ति, प्रेम और तर्क का सबसे सुंदर संवाद है। इसमें जब भगवान राम ने गंगा पार कराने के लिए नाव मांगी, तब केवट ने उनके चरण धोने की हठ करते हुए यह प्रसिद्ध बात कही थी कि 'पद कमल धोइहौं चढ़ाइहौं नाव न नाथ उतराइहौं।।' अर्थात: मैं आपके चरण धोकर ही आपको नाव पर चढ़ाऊँगा, हे नाथ! इसके बदले में मैं आपसे कोई उतराई (किराया) नहीं लूँगा। व इस प्रसंग में केवट का भगवान के प्रति निश्छल प्रेम, भोलापन और समर्पण दिखाई देता है। उसकी भक्ति देखकर प्रभु राम मुस्कुराए और केवट को उसके चरण पखारने की अनुमति दी। व पूज्य पं.राकेश जी महाराज मानस मराल वृंदावन धाम ने कहा कि रामनाम जाप से ही सारे संकट टल जाते हैं। कलयुग में केवल प्रभु का स्मरण ही भव से पार किए जाने का एक मात्र आधार है। हमे अपने जीवन को सफल बनाने के लिए राम नाम जप अवश्य करना चाहिए। और पूज्य महामंडलेश्वर आचार्य विश्वभूषण दास जी महाराज ने कहा कि हनुमान चरित्र कथा भगवान शिव के रुद्रावतार, पवन पुत्र हनुमान के जीवन, पराक्रम और श्री राम के प्रति उनकी अटूट भक्ति की गाथा है। यह हमें सिखाती है कि बुद्धि और अपार बल का सही उपयोग विनम्रता और प्रभु-स्मरण में ही है। और आगे हनुमान चरित्र कथा सुनाते हुए कहा कि बजरंगबली का जीवन हमें अटूट विश्वास, निस्वार्थ सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। संकट के समय धैर्य रखकर प्रभु का स्मरण करना ही सच्चा हनुमत-भक्ति मार्ग है। हनुमान जी का स्मरण करने मात्र से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। वे भक्तों के हर भय और चिंता को हरने वाले होते है। तथा इस अवसर पर पूजन-अर्चन एवं आरती में मुख्य रूप से पं.श्याम सुंदर अवस्थी, पं.सियारामशरण चतुर्वेदी, ठा.अरुण सिंह, डॉ.जितेंद्र तिवारी, कैलाश नारायण मालवीय, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, हरिशंकर शर्मा, भगवती प्रसाद पांडेय, नागेश चंद्र तिवारी, ओमप्रकाश दुबे, आत्माराम सिरोठिया, रमेश कुमार मिश्र, कुलदीप अवस्थी, विश्वनाथ मिश्रा, चंद्रमोहन तिवारी, देवेंद्र श्रीवास्तव, विनोद कुमार शर्मा, हिर्देश चतुर्वेदी रानू महाराज, प्रदीप सेन सहित आदि भक्तगण लोग उपस्थित रहे। व कार्यक्रम का संचालन समिति संचालक पं.सियारामशरण चतुर्वेदी ने किया अंत मे आभार ज्ञापन अध्यक्ष पं.श्याम सुंदर अवस्थी ने किया।



# बिधायक सेवार्थ रथ द्वारा पंच कुइया चौराहे के पास किया शरवत वितरण

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** भीषण गर्मी एवं तेज धूप के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक सेवार्थ रथ की ओर से विधायक रवि शर्मा के संरक्षण में एवं समाजसेवी दिलीप पांडेय के नेतृत्व में खंडेराव गेट पर विशाल शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, व्यापारियों, रिक्शा चालकों, मजदूरों एवं क्षेत्रीय नागरिकों को ठंडा शरबत वितरित कर गर्मी से राहत प्रदान की गई ।इस सेवा कार्य को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में पहुंचकर विधायक सेवार्थ रथ द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार का सेवा कार्य समाज के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवता का परिचय देता है। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे दिलीप पांडेय ने कहा कि विधायक रवि शर्मा सदैव जनहित एवं सेवा कार्यों को प्राथमिकता देते हैं और उन्हीं की प्रेरणा से विधायक सेवार्थ रथ लगातार सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों एवं राहगीरों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। विधायक रवि शर्मा के संरक्षण में चल रहे विधायक सेवार्थ रथ द्वारा समय-समय पर समाजहित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें जरूरतमंदों की सहायता, स्वास्थ्य शिविर, वस्त्र वितरण एवं जनसेवा से जुड़े अनेक कार्य प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी क्रम में आयोजित शरबत वितरण कार्यक्रम ने लोगों के बीच सेवा और सहयोग का संदेश पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिषभ झा, अंकित शर्मा, आनंद सोनी, राजेश कुशवाहा, आकाश द्विवेदी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718